राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 06 अंक : 16 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 13-19 मार्च 2023 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



देश की आवाज़

# पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों की मदद करना है: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरदराज के इलाकों में रहने वाले कारीगरों की मदद करने और उन्हें मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनाने के लिए 'मिशन मोड' में काम करने की आवश्यकता पर शनिवार को बल दिया। मोदी ने बजट के बाद 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान' योजना पर आयोजित एक वेबिनार में कहा, ''हमारा उद्देश्य आज के कारीगरों को कल का बड़ा उद्यमी बनाना है। इसके लिए उनके व्यापार मॉडल में स्थिरता जरूरी है।'' उन्होंने सभी हितधारकों से छोटे कारीगरों को अपनी मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनाने का आह्वन किया। मोदी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना' का उद्देश्य कारीगरों के कौशल को निखारना, उनके लिए आसानी से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना और ब्रांड प्रचार में उनकी मदद करना है ताकि उनके उत्पाद बाजार में जल्दी पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य कारीगरों और लघु कारोबार से जुड़े लोगों की भी मदद करना भी है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया मिशन' के तहत करोड़ों लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लघु स्तर के कारीगर स्थानीय शिल्प के निर्माण और देश के विकास में अहम् भूमिका निभाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी, कारीगरों को सरकार से आवश्यक हस्तक्षेप कभी नहीं मिला। नतीजा यह हुआ कि आज इस असंगठित क्षेत्र के अधिकांश लोग आजीविका के लिए छोटे मोटे काम करते हैं। कई अपना पुश्तैनी पेशा छोड़ रहे हैं। वे आज की जरूरतों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता से बाहर हो रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम उन्हें उनके हाल पर



नहीं छोड़ सकते। यह एक ऐसा तबका है जिसने सदियों से अपने शिल्प को पारंपरिक तरीकों से सुरक्षित रखा है, एक ऐसा तबका है जिसने अपने असाधारण कौशल और अनूठी रचना से अपनी पहचान बनाई है। वे आत्मानिर्भर भारत के सच्चे अर्थों के प्रतीक हैं। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) पर बजट के बाद के वेबिनार में पीएम मोदी ने कहा पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान की घोषणा के बाद व्यापक चर्चा हुई, समाचार पत्रों और आर्थिक विशेषज्ञों ने इस पर ध्यान दिया। महज घोषणा आकर्षण का केंद्र बन गई है। पीएम नरेंद्र मोदी बोले कि भगवान विश्वकर्मा को परम निर्माता और सबसे महान वास्तुकार माना जाता है। उनकी मूर्तियों में उन्हें तरह-तरह के औजार पकड़े हुए देखा जाता है। हमारे समाज में औजारों की मदद से अपने हाथों से कुछ बनाने वालों की समृद्ध परंपरा रही है।

**''हमारा उद्देश्य आज के कारीगरों को कल का बड़ा उद्यमी बनाना है। इसके लिए उनके व्यापार मॉडल में स्थिरता जरूरी है।'' उन्होंने सभी हितधारकों से छोटे कारीगरों को अपनी मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनाने का आह्वन किया। मोदी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना' का उद्देश्य कारीगरों के कौशल को निखारना, उनके लिए आसानी से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना और ब्रांड प्रचार में उनकी मदद करना है**

## सम्पादकीय

### चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक कदम



दिनेश शर्मा

लोकतंत्र आम आदमी के हाथों में शांतिपूर्ण बदलाव की सुविधा देता है। किसी भी लोकतंत्र की साख उसकी पारदर्शी चुनाव व्यवस्था पर निर्भर करती है लोकतंत्र का मतलब है कि तमाम लोकतांत्रिक संस्थाएं बिना किसी दबाव के काम करें और उनकी विश्वसनीयता पूरी तरह बनी रहे।मुख्य चुनाव आयुक्तों और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में संविधान की चुप्पी और कानून की कमी के कारण जो रवैया अपनाया जा रहा है वह परेशान करने वाली परंपरा है। भारतीय संविधान की धारा 324 के अनुसार हमारे चुनाव आयोग को स्वायत्तता प्राप्त है। संविधान का अनुच्छेद-324 का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की बात करता है लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया के बारे में बात नहीं करता है। 73 साल में ऐसा नहीं किया गया और यही कारण है कि समय–समय पर केंद्र सरकारों ने इस प्रक्रिया का अपने हित में इस्तेमाल किया है। 2004 के बाद से कोई भी मुख्य चुनाव आयुक्त छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में 6 मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। जबकि एनडीए के 8 साल के कार्यकाल में 8 मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्त करने की शक्ति को एकमात्र कार्यपालिका के अधिकार-क्षेत्र से हटा देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से चुनावों की निगरानी करने वाली चुनाव आयोग की आजादी को निश्चित रूप एक बड़ा बढ़ावा मिला है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है कि प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाली एक तीन सदस्यीय समिति एक कानून पारित होने तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगी। संविधान पीठ का यह फैसला ऐसे समय आया है जब निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता काफी दागदार हो चुकी है। इसलिए फैसले की अहमियत जाहिर है। यों तो पहले भी कभी-कभार निर्वाचन आयोग के निर्णयों पर सवाल उठे थे, पर कुल मिलाकर आयोग ने अपनी साख बनाए रखी थी। अब तक होता आया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति की ओर से जारी अधिसूचना से होता है। इसके लिए विधि मंत्रालय नामों की सिफारिश प्रधानमंत्री को करता है और फिर प्रधानमंत्री की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति से नियुक्ति पर मुहर लगाई जाती है। आमतौर पर नौकरशाह की नियुक्ति इस पद पर की जाती है। इसका अधिकतम कार्यकाल छह साल होता है या 65 साल की उम्र तक इस पर चुनाव आयुक्त बने रह सकते हैं इनमें जो पहले आता है उस लागू होता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर 2018 को उस जनहित याचिका को संवैधानिक पीठ को भेज दिया था जिसमें कहा गया है कि चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कलीजियम की तरह सिस्टम होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल कर कहा गया था कि केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करना संविधान के अनुच्छेद-14 व अनुच्छेद 324 (2) का उल्लंघन है।

# ट्विटर जैसा प्लेटफार्म लाने की तैयारी में है मेटा

### जल्द लॉन्च कर सकता है अपना नया ऐप

**नई दिल्ली।** फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा टेक्स्ट अपडेट के लिए अलग प्लेटफार्म लाने पर विचार कर रही है। मेटा के प्रवक्ता ने यह बात कही है। यह सूचना ऐसे समय में सामने आ रही है, जब इंटरनेट मीडिया पर इस तरह की खबरें हैं कि ट्विटर को टक्कर देने के लिए मेटा अपना प्लेटफार्म ला सकती है।

**मेटा कर रहा डीसेंट्रलाइज्ड सोशल नेटवर्क लांच करने पर विचार**–प्रवक्ता ने नए प्लेटफार्म के स्वरूप एवं इसे लांच करने की समयसीमा को लेकर विस्तार से कुछ नहीं बताया है। हालांकि उसने कहा कि अभी एक ऐसे प्लेटफार्म की गुंजाइश है जहां क्रिएटर्स और बड़ी हस्तियां समय-समय पर अपनी जानकारियां साझा कर सकें। प्रवक्ता ने कहा, हम टेक्स्ट अपडेट शेयर करने के लिए एक अलग डीसेंट्रलाइज्ड सोशल नेटवर्क लांच करने की संभावना तलाश रहे हैं।

**तकनीकी खामी के कारण चर्चा में ट्विटर**–मालूम हो कि तकनीकी खामी से लेकर कर्मचारियों की छंटनी तक कई नकारात्मक कारणों से हाल के दिनों में ट्विटर चर्चा में रहा है। ऐसे समय मेटा की यह तैयारी उसके लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। अरबपति एलन मस्क के अक्टूबर में ट्विटर के अधिग्रहण के बाद से प्रभावशाली वेबसाइट को आउटेज और छंटनी सहित कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा है। कंपनी ने अपने बयान में कहा,हम मानते हैं कि एक अलग स्थान के लिए एक अवसर है जहां रचनाकार और सार्वजनिक हस्तियां अपनी रुचियों के बारे में समय पर अपडेट साझा कर सकते हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मेटा का यह नया ऐप ऐसी तकनीक का प्रयोग करेगा, जो इसको अन्य नेटवर्क मास्टोडन तथा दूसरे प्लेटफार्मों के साथ इंटरऑपरेबल होने होगा।

# तिहाड़ में सर्जिकल ब्लेड, फोन और ड्रग्स मिलने से हड़कंप

### केजरीवाल सरकार के पूर्व मंत्री भी यहीं बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिहार जेल में कैदियों के पास से 23 सर्जिकल ब्लेड, स्मार्टफोन, ड्रग्स और कई अवैध संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है। 9 मार्च की सुबह कैदियों की हरकतें देखने के बाद जेल प्रशासन को शक हुआ। सुबह तकरीबन 6 बजे कैदी जेल के परिसर के अंदर किसी वारदात को अंजाम देने की मंशा बना रहे थे। जेल में तैनात आरक्षी की सूचना के आधार पर जेल अधिकारियों ने छापेमारी की। छापेमारी में ये संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं। जेल के एक अधिकारी ने मीडिया





को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 9 मार्च की सुबह तलाशी अभियान में एक पैकेट में रखे 23 सर्जिकल ब्लेड, स्मार्टफोन और ड्रग्स बरामद किया गया। जेल प्रशासन ने पैकेट को जब्त कर लिया है। सेंट्रल जेल नंबर 3 से ये अवैध सामान बरामद हुए हैं। बता दें, तिहाड़ के ही जेल नंबर 7 में केजरीवाल सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पिछले साल से ही बंद हैं। वहीं, मनीष सिसोदिया को भी यहां जेल नंबर एक में रखा गया था। हालांकि, शुक्रवार को ही उन्हें 7 दिन की ईडी कस्टडी में भेज दिया गया है। आप ने जेल में सिसोदिया की सुरक्षा पर सवाल उठाए थे तो वहीं बीजेपी ने यह कहकर पलटवार किया था कि तिहाड़ जेल का प्रबंधन और नियंत्रण दिल्ली सरकार के पास ही है।

# कर्नाटक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ध्रुव नारायण का निधन, हुआ कार्डियक अरेस्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ध्रुव नारायण का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है। डीआरएमएस अस्पताल के डॉक्टर मंजूनाथ ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्हें सीने में दर्द हुआ फिर उनका ड्राइवर सुबह 6:40 बजे लेकर निकला, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। वे प्रदेश कांग्रेस में बड़े कद के नेता थे। केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष आर ध्रुव नारायण का आज मैसूर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह चामराजनगर से दो बार सांसद रहे हैं। ध्रुव नारायण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। जानकारी के अनुसार, ध्रुव नारायण कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पुराने मैसूर में पार्टी का आयोजन कर रहे थे। वे प्रदेश कांग्रेस में बड़े कद के नेता थे। सांसद प्रताप सिंह ने ध्रुव नारायण के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रताप सिम्हा ने लिखा है कि इतने अच्छे इंसान को भगवान ने छीन लिया...ओम शांति। आर।

**प्रभावशाली दलित नेता**



ध्रुव नारायण पुराने मैसूर के एक प्रभावशाली दलित नेता थे। इसके अलावा, वह पूर्व सीएम सिद्धारमैया के करीबी दोस्त थे। चुनावों के दौरान, वह चामराजनगर में एक बड़े कद के नेता माने जाते थे। उनके राजनीतिक दुश्मन उन्हें विनम्र स्वभाव के रूप में जानते हैं। ध्रुव नारायण ने दो बार सांसद और विधायक के रूप में भी काम किया। इस बार वह नंजनगुडु विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने जा रहे थे।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री सरपंचों के हक में, ई-टेंडरिंग पर बोले बीरेन्द्र सिंह- इन्हें काम करने की मिले छूट

**रेवाड़ी।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ई-टेंडरिंग पर उनकी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात हुई थी। छोटी सरकार को उनको हक मिलने चाहिए। सरपंचों को काम करने की छूट होनी चाहिए। उनको अपनी जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। गांव में हुए विकास कार्य में ऑडिट होना चाहिए, जिससे पारदर्शिता आती है। जैसे हरियाणा सरकार अपना बजट बनाती है। इसी तरह कहीं न कहीं छोटी सरकार को भी अपना बजट बनाने का अधिकार होना चाहिए।

पूर्व सीएम हुड्डा पर कसा तंज

पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा दिए गए 75 साल वाले बयान पर चौधरी बीरेंद्र सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा 80 साल के हो जाएंगे तब भी वह यही कहेंगे कि यह मेरी आखिरी लड़ाई है। मैंने भूपेंद्र सिंह से कहा था कि मैं और आप एक ही उम्र के हैं, रिटायरमेंट लेते हैं। लेकिन कोई जवाब नहीं आया। नई जनरेशन में हमें एक विश्वास रखना चाहिए और नए लोगों को आगे आना चाहिए।



**भाजपा की तैयारियां एडवांस होती**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने आने वाले 2024 के लोकसभा व हरियाणा के विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा, उसी प्रकार तमाम राजनीतिक दल अपनी तैयारियां पूरी कर लेंगे। अगर भारतीय जनता पार्टी की बात की जाए तो पार्टी की तैयारियां एडवांस में ही की जाती हैं, क्योंकि पार्टी के वर्कर काम पर हर समय लगे रहते हैं।

**राहुल को होगा यात्रा से फायदा**

चौधरी बीरेन्द्र सिंह ने राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि इससे कांग्रेस को कितना लाभ होगा ये तो मैं नहीं कह सकता, लेकिन राहुल गांधी को इसका फायदा जरूर होगा। अभी तक उनको लेकर कुछ शब्दों का जो प्रयोग किया जाता था, अब उन शब्दों का प्रयोग बंद हो जाएगा।

**भाजपा अकेले लड़े चुनाव**

अपनी बेबाक बयानबाजी को लेकर मशहूर चौधरी बीरेन्द्र सिंह अपनी पार्टी भाजपा को नसीहत देने से भी नहीं चूके और कहा कि भाजपा इस बात को समझ ले कि अब हम 10 साल का राज करने के बाद सक्षम हो गए हैं। हरियाणा में अब पार्टी को 2024 में अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। बता दें कि फिलहाल हरियाणा में भाजपा-जजपा की सरकार चल रही है। जजपा नेता बार-बार कह चुके हैं कि अगला चुनाव भी साथ मिलकर लड़ेंगे।

# वायरल वीडियो के बाद एक्शन में पुलिस, होली के दिन जापानी महिला से छेड़छाड़ करने वाले गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** होली के दिन जापानी महिला पर्यटक से अभद्रता, छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने नाबालिग समेत 3 युवकों को हिरासत में लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश की है। हालांकि, अबतक उक्त मामले में महिला के द्वारा न तो जापान दूतावास न ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

दिल्ली पुलिस ने आधिकारिक बयान में बताया कि वीडियो में दिख रहे लड़कों की पहचान फील्ड अधिकारियों और स्थानीय खुफिया विभाग के गहन प्रयासों के बाद की गई है। एक नाबालिग समेत तीन लड़कों को पकड़कर पूछताछ की गई है। उन्होंने घटना / वीडियो में देखी गई घटना के बारे में कबूल / स्वीकार किया है। यह घटना दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में हुई थी और वीडियो को सबसे पहले महिला ने ट्विटर पर पोस्ट किया जिसे बाद में हटा दिया गया। महिला अभी दिल्ली में नहीं है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद महिला से संपर्क करने पर पता चला है कि उसकी मानसिक स्थिति बिलकुल ठीक है और अभी वो बांग्लादेश में है। बयान के मुताबिक महिला ने न तो दिल्ली पुलिस से और न ही जापानी दूतावास से कोई शिकायत की है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आगे की कानूनी कार्रवाई गुण-दोष के आधार पर और लड़की द्वारा शिकायत किए जाने पर तय की जाएगी। 3घटना के बाद दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल और बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने मामले पर ट्वीट कर दिल्ली पुलिस को एक्शन लेने के लिए कहा था। घटना के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो को लेकर सियासी बयानबाजी भी हुई।

वायरल वीडियो के अनुसार, आरोपियों ने महिला के साथ अभद्रता की और उस पर रंग फेंका। एक शख्स ने उसके सिर पर अंडा भी फोड़ दिया। जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला के लिए पुरुषों के गिरोह को छोड़ना मुश्किल था। लेकिन वह उस ग्रुप से बाहर निकलने की कोशिश में बाय बाय कहती रहीं। वह कैमरे के सामने एक बार मुस्कुराई और जैसे ही पुरुषों में से एक ने उसे फिर से छुआ, उसने उसे थप्पड़ मारा और वहां से चली गई।

## अडानी के विरोध में कांग्रेस ने कैथल व करनाल में दिए धरना



**कैथल।** शुक्रवार को कांग्रेस ने भाजपा व अडानी के खिलाफ गीता भवन के पास एलआईसी कार्यालय व करनाल अंबेडकर भवन के पास एलआईसी के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। कैथल में प्रदर्शन की अगुवाई कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश ने की। करनाल में आयोजित धरने की अगुवाई पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने की।जयप्रकाश ने कहा कि केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार जनता के खून पसीने की कमाई को दोनों हाथों से अडानी को लूटवाने के साथ खुद लूट रही है और हर वर्ग का जमकर शोषण कर रही है। जनता के हितों से भाजपा सरकार को कोई लेना-देना नहीं है। देश व प्रदेश को कर्जदार बनाने में भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। जयप्रकाश ने कहा कि गोली व डंडे के दम पर हर वर्ग की आवाज को गठबंधन सरकार द्वारा दबाया जा रहा है। सरपंचों पर लाठियां बरसाकर सरकार ने लोकतंत्र का हनन किया है। देश व प्रदेश की जनता सरकार से पूरी तरह से दुखी है। आगामी वर्ष 2024 में देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। करनाल में पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पूंजीपति मित्रों को सरकारी खजानों में लूट की खुली छूट दी है। प्रधानमंत्री अपने निजी स्वार्थ और पूंजीपति मित्रों के खजाने भरने में लगे हैं। जिससे देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। कांग्रेस के जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक लहरी ने सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि अडानी समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर देश के साथ बड़ा धोखा किया है।

## हिसार : सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना में पहुंचे मात्र नौ आआप नेता



**हिसार।** सरकार की सद्बुद्धि के लिए क्रांतिमान पार्क में प्रार्थना का आयोजन करके आम आदमी पार्टी शुक्रवार को हंसी का पात्र बन गई। पार्टी के केवल नौ नेताओं ने ही पार्क में चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के नीचे बैठकर प्रार्थना की।पार्टी में चल रही चर्चाओं के अनुसार संगठन के अभाव में अधिकतर नेता मनमाने कार्यक्रम रख देता है। ऐसे में अधिकतर कार्यकर्ताओं को सूचना भी नहीं मिल पाती। आए दिन किए जाने वाले मनमाने कार्यक्रमों से कार्यकर्ता भी उकताने लगे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकतर दूसरी पार्टियों से आए नेता आआपा के मूल कार्यकर्ता को दरकिनार करके आगे बढ़ने के प्रयास में लगे रहते हैं, जिससे पार्टी से जुड़ा कार्यकर्ता दूरी बनाने लगा है। क्रांतिमान पार्क में सरकार की सद्बुद्धि के लिए जुटे नौ नेताओं में से अधिकतर ने कहा कि आआपा की सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से भाजपा घबरा गई है। इसी कारण से भाजपा ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके नेताओं को निशाना बनाकर जनता में पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे अहम कार्य किए गए, जिनकी चर्चा पूरे विश्व में होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही से आआपा पार्टी डरने वाली नहीं है हमारा लक्ष्य केवल आम आदमी के हितों की रक्षा करना है, जबकि भाजपा का काम केवल अपने कुछ खास पूंजीपति मित्रों को देश की सरकार संपत्ति बेचकर उनको मजबूत बनाना है। भाजपा को आम जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है।

## सीलिंग प्लान में 175 वाहन चालकों के चालान व चार वाहन जब्त

**हिसार।** जिला पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत विशेष अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान जिलेभर में 52 स्थानों पर नाके लगाए गए। अभियान के तहत 175 वाहन चालकों के चालान किए गए, वहीं चार वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह के निर्देशों पर शुक्रवार को यह अभियान चलाया। अभियान के तहत 52 स्थानों पर नाके लगाए गए, जिनमे थाना शहर हिसार क्षेत्र में 10, एचटीएम में आठ, सिविल लाइन में 10, अर्बन एस्टेट में तीन, थाना सदर क्षेत्र में सात, अग्रोहा में चार, आदमपुर में दो और बरवाला व उकलाना में तीन—तीन जगहों पर नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चैकिंग की गई। अभियान के तहत जिला पुलिस के 337 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। नाकों पर चैकिंग के दौरान हिसार पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 175 वाहन चालकों के चालान और चार वाहनों को जब्त किया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि जनता की जान व माल की सुरक्षा करना व अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए सीलिंग प्लान बनाया हुआ है। इसके तहत पुलिस गश्त, नाकाबंदी आदि निवारक कार्रवाई का सहारा लेती है। यदि जिले के किसी हिस्से में अकस्मात कोई बड़ी संवदेनशील घटना हो जाए या होने की संभावना हो तो ऐसे हालात में स्थिति से मुकाबला करने के लिए पहले से ही जिले में सीलिंग प्लान बनाया जाना आवश्यक हो जाता है। सीलिंग प्लान का सीधा अर्थ है कि जिला की सीमा में अपराधी अपराध करके सीमा से बाहर भागने ना पाए और सीलिंग प्लान के अनुसार लगाई गई नाकाबंदी अनुसार अपराधी पकड़े जायें।

## फतेहाबाद : कंपनी ने नहीं दिया वेतन तो राजस्थान की युवतियों ने काटा बवाल



**फतेहाबाद।** शहर के शिव चौक में गुरुवार देर कुछ युवतियों ने निजी कंपनी पर वेतन न देने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली इन युवतियों ने कंपनी के अधिकारियों पर उनसे बंधुआ जैसा बर्ताव करने के भी आरोप लगाए। युवतियों के हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी लेकर अगली कार्रवाई के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। शिव चौक में कंपनी के खिलाफ रोष जता रही राजस्थान के झुंझनू की निवासी टीना ने बताया कि कंपनी में जींद, राजस्थान सहित अन्य जगहों की कुल 8-9 युवतियां काम करती हैं। यह युवतियां बाजार में जाकर कंपनी का सामान बेचने का काम करती हैं। उन्होंने बताया कि युवतियों को 6 माह बाद मैनेजर बनाने का झांसा देकर यहां रखा गया। उन्हें रविवार की छुट्टी तक नहीं मिलती। अब उन को निकाला जा रहा है। इन युवतियों ने आरोप लगाया कि कोई युवती पिछले 4 महीने से काम कर रही है तो कोई डेढ़ साल से कंपनी में काम कर रही है, लेकिन उन्हें कोई सेलरी नहीं दी जा रही।उनके साथ बंधुआ मजदूर जैसा बर्ताव किया जा रहा है। उन्हें घरवालों से फोन पर बात तक नहीं करने दी जाती। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# करनाल में सीएम मनोहर बोले, पिता ने पढ़ाने से मना किया तो मां ने भेजा कालेज

**कैथल।** शुक्रवार को यहां अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। उन्होंने इस दौरान 40 महिलाओं और 62 प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जुड़ना था। लेकिन वह नहीं जुड़ पाए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सफलता का सफरनामा किताब का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला का हाथ होता है। मेरे पिता ने 10वीं के बाद पढ़ाने से मना कर दिया था। मेरी मां ने मुझे पैसे दिए और मैंने कॉलेज में पढ़ाई की। मेरी सफलता के पीछे मेरी मां का हाथ है। मैं आज जो हूं अपनी मां के कारण हूं। मां का स्नेह बच्चों के लिए ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अब शिक्षा, खेल, सामाजिक हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कई महिलाओं के नाम लेकर मिसाल दी कि जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में रिकॉर्ड बनाएं हैं। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की शुरुआत भी हरियाणा राज्य से हुई । 2014 में जब इस अभियान की शुरुआत हुई थी तो 1000 लड़कों के पीछे 871 लड़कियां थी और अब 923 लड़कियां है, लिंगानुपात में सुधार है।

**हरियाणा की महिलाओं ने देश परदेश में नाम कमाया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की महिलाओं ने पूरी दुनिया में नाम कमाया है। सीएम ने बताया कि पहली महिला उपराज्यपाल चंद्रावती, पहली विधानसभा स्पीकर शन्नो देवी, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, साक्षी मलिक, गीता फौगाट, मानुषी चिल्लर समेत पहली महिला पायलट भी कविता बैनीवाल हरियाणा से ही है। सरकार ने महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट, महिला थाने, दुर्गा शक्ति जैसे कदम उठाए। हरियाणा पुलिस में महिलाओं की संख्या को छह से 10 फीसदी तक पहुंचाया। इस संख्या को 15 फीसदी करना उनका लक्ष्य है। प्रदेश का सेल्फ हेल्प ग्रुप का पहला सेंटर घरौंडा में खोला गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा लावारिस नहीं, सबका वारिस भगवान और सहायक सरकार है।



**500 बाल शिशु गृह खोलने का लक्ष्य- कमलेश ढांडा**

महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहां कि प्रदेश में 4000 आंगनवाडी केंद्रों को प्ले स्कूल के तौर पर विकसित किया गया है, जबकि अगले दो साल में 4000 और आंगनवाडी केंद्रों को प्ले स्कूल के तौर पर विकसित किया जाएगा। प्रदेश में कामकाजी बहनों के बच्चों के देखभाल के लिए 500 बाल शिशु गृह करने का संकल्प लिया गया है।

## सरकार से वार्ता के बाद हरियाणा के रोडवेज कर्मियों का आंदोलन स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोडवेज कर्मचारियों व सरकार के बीच सहमति बन गई है। इससे खुश कर्मचारियों ने रविवार को परिवहन मंत्री के आवास के घेराव का निर्णय वापस लेते हुए आंदोलन स्थगित कर दिया। कर्मचारियों ने मांगे पूरी करने के लिए सरकार को एक माह का समय दिया है। शुक्रवार देरशाम तक चली बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क और परिवहन आयुक्त यशेंद्र सिंह के साथ 10 यूनियनों के साझा मोर्चा ने बातचीत की। तीन घंटे चली बैठक में परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35 हजार 400 रुपये करने, चालक- परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कर्मशाला के कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाश में कटौती के आदेश को वापस लेने, देय अर्जित अवकाश व सभी लाभ देने, नई पेंशन नीति को बंद कर पुरानी पेंशन नीति लागू करने, लिपिकों की पदोन्नति शीघ्र करने, डिपो स्तर पर कार्यालय में सांख्यिकी सहायक, सहायक, लेखाकार, जूनियर आडिटर के पदों से कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रमोशन का अनुभव 12 वर्ष की बजाय पांच वर्ष करने पर चर्चा हुई। परिवहन मंत्री ने कहा कि अर्जित अवकाश में कटौती का निर्णय वर्ष 1995 से लागू नहीं कर 20 सितंबर 2022 से लागू किया जाएगा।

# प्राकृतिक खेती व मोटा अनाज को बढ़ावा देने से बढ़ेंगे रोजगार : जेपी दलाल

**हिसार।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि हरियाणा एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां कृषि क्षेत्र में किसानों को बाकी राज्यों से अधिक सुविधाएं दी जा रही हैं। नई योजनाएं लाकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का काम सरकार कर रही है लेकिन वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती खेती में रासायनिक तत्वों व कीटनाशकों का सिफारिश से अधिक छिड़काव करना है, जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां हमें घेर रही हैं। इसके लिए किसानों को चाहिए कि वे खेती में गाय के गोबर का इस्तेमाल करें। इसके लिए किसान को डीबीटी के माध्यम से 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कृषि मंत्री जेपी दलाल शुक्रवार को एचएयू में तीन दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेले के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने की। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार की तरफ से बाजरा, ज्वार व अन्य मिलेट पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है ताकि इनसे बने स्वादिष्ट व पौष्टिक व्यंजनों का स्वाद आमजन चख सकें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़ इत्यादि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है। इससे निपटने के लिए सरकार ने इस बार 1200 करोड़ रुपये का बजट भी तैयार किया है। साथ ही खारा पानी की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने सात से आठ प्रतिशत भूमि पर कल्लर भूमि को बोरवेल से जोड़ने का काम भी किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी आर कम्बोज ने अध्यक्षीय भाषण में कृषि में प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध हो रहे दोहन पर चिंता जताई। साथ ही किसानों को कृषि उत्पादन के साथ इनकी गुणवत्ता सुधारने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादकों की गुणवत्ता के आधार पर किसान अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन्हें बेचकर अच्छी आमदनी हासिल कर सकें। उन्होंने किसानों को नवाचार अपनाते हुए समेकित कृषि प्रणाली जिसमें कृषि के साथ-साथ अन्य उद्यम जैसे मधुमक्खी, मशरूम, बागवानी, सब्जी उत्पादन, नकदी फसल, चारा फसल, पशुपालन व मत्सय पालन को शामिल करके कृषि को लाभदायक व्यवसाय बनाने की सलाह दी।



## गुजरात के राज्यपाल की प्राकृतिक कृषि तकनीक को लागू करेगा हरियाणा

**चंडीगढ़।** गुजरात के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र गुरुकुल के आचार्य देवव्रत की प्राकृतिक खेती तकनीक को अब हरियाणा में लागू किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पद पर रहते हुए आचार्य वहां के किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक कर चुके हैं। अब वे गुजरात के किसानों को भी प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों से अवगत करवा रहे हैं। किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए सरकार ने कुरुक्षेत्र गुरुकुल के अलावा करनाल के घरौंडा में प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने जींद स्थित हरियाणा कृषि प्रबंधन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# सरपंचों के साथ नहीं हो सकी मुख्यमंत्री की तीसरी बैठक, नाराज सरपंचों ने 17 को विधानसभा घेराव का किया ऐलान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरपंच एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच बातचीत में कोई हल अभी तक नहीं निकल सका है। मुख्यमंत्री के साथ दो चरणों की बैठक में भी सरपंचों की समस्या का हल नहीं हो पाया। वार्ता विफल होने के बाद सरपंचों ने 17 मार्च को विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। जानकारी मिली है कि सरकार विकास कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग की सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने पर तैयार थी, लेकिन सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारी इसे 10 लाख रुपये करने की मांग पर अड़े रहे। वार्ता विफल होने के बाद सरपंच एसोसिएशन ने 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा कर दी है। उन्होंने तैयारी नहीं होने का हवाला देते शनिवार को करनाल में प्रस्तावित मुख्यमंत्री निवास का घेराव कार्यक्रम को टाल दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों को मनाने के लिए खुद मोर्चा संभाला और गुरुवार को सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग करीब साढ़े चार घंटे तक वार्ता की। देर रात तक चली इस बैठक में दोनों पक्षों ने सकारात्मक रुख भी दिखाया, इससे प्रतीत हुआ कि मामला सुलझ जाएगा और शुक्रवार को फिर बैठक होनी थी। शुक्रवार को मामला फिर बिगड़ गया। सरपंचों के रवैये में बदलाव न होते देख मुख्यमंत्री सुबह पहले हरियाणा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में चले गए और फिर इसके तुरंत बाद करनाल कूच कर गए, जहां महिलाओं का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह था। मध्यस्थता कर रहे डीआइजी ओम प्रकाश नरवाल और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रचार सलाहकार तरुण भंडारी सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क थे। शाम करीब चार बजे दोनों अधिकारियों ने सरपंच एसोसिएशन के सभी 25 पदाधिकारियों को वार्ता के लिए एमएलए हास्टल बुलाया। यहां दोनों अधिकारी करीब दो घंटे तक प्रतिनिधिमंडल को मनाते रहे कि ई-टेंडरिंग के कार्यों की सीमा दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की पेशकश स्वीकार कर लें।

अगर वह इस पर राजी हों तो तुरंत उनकी मुख्यमंत्री के साथ तीसरे दौर की बैठक करा दी जाएगी। अपनी मांग पर अड़े सरपंचों ने कहा कि उन्हें यह स्वीकार नहीं है। इसके बाद सहमति न बनने पर बाहर आते ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा कर दी है।

हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रणबीर समैण ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि सरकार मामले में कोई समाधान निकालेगी। दो दिन तक हमें गुमराह किया जाता रहा। बैठक में हमारी मांगों पर कोई सहमति नहीं बनी है। इसलिए गांव बचाओ-देहात बचाओ आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शनिवार को होने वाले आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि दो दिन से चंडीगढ़ में होने के कारण तैयारी नहीं हो पाई है।

# फतेहाबाद : पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी, शरणार्थी व पाकिस्तानी कहना गलत

**फतेहाबाद।** पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी, शरणार्थी व पाकिस्तानी कहे जाने का समस्त पंजाबी खत्री समाज फतेहाबाद ने विरोध किया है। इसको लेकर पंजाबी खत्री समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्य विस्तारक अनिल वोहरा एवं जिला संयोजक रघुनाथ मेहता की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधायक दुड़ाराम से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंजाबी खत्री समाज ने पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी, शरणार्थी व पाकिस्तानी बोलने पर रोक लगाने और विशेष एक्ट बनाए जाने की मांग की है। विधायक से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हमारे देश भारत को 1947 में आजादी मिली थी। हमें अपने ही देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में स्थानांतरित किया गया। उस समय की सरकार द्वारा हमारे लिए शरणार्थी शिविरों में रहने की व्यवस्था की गई थी। अपने ही देश में हमें शरणार्थी, रिफ्यूजी व पाकिस्तानी कहलवाए गए जबकि वे दूसरे देश से नहीं अपने ही देश में रह रहे है। प्रतिनिधिमंडल ने आगे कहा कि हमारे लाखों लोगों को अपने धर्म को बचाने के लिए अपने घर, धन-दौलत सब कुछ छोड़ना पड़ा। इस त्रासदी में हमारे लाखों लोगों को शहादत भी देनी पड़ी, लेकिन अब उन्हें अपने ही देश में रिफ्यूजी, शरणार्थी, पाकिस्तानी जैसे शब्दों से बुलाया जाता है, जिससे पूरा समाज आहत है। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दुड़ाराम से मांग की कि वह इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाएं, ताकि समाज के लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिल सके।



**सप्लीमेंट खाने से युवक की मौत**

**भिवानी।** भिवानी में सप्लीमेंट खाने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि ढाणी रायसिंह महोल्ला निवासी 27 वर्षीय निखिल अपने दोस्त चीनू के साथ जिम गया था। वहां से चीनू ने कुछ सप्लीमेंट्स दिलाए, जिसके खाने के बाद निखिल की तबियत बिगड़ गई और करीब एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा राकेश गोयल ने बताया कि निखिल को उसका दोस्त चीनू जिम के बहाने बहला फुसलाकर ले गया और उसे ऐसे सप्लीमेंट्स खाने को दिलाए, जिनके खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जब निखिल को अस्पताल लेकर गए तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## साढ़ौरा थाना प्रभारी 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**यमुनानगर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की करनाल टीम ने जिले के साढौरा के थाना प्रभारी को थाने के अंदर ही 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए शुक्रवार शाम को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल के इंस्पेक्टर सचिन ने बताया कि शिकायत मिली थी कि खनन सामग्री से लदे ट्रकों को साढौरा क्षेत्र से बाहर सुरक्षित निकालने के लिए थाना प्रभारी धर्मपाल ढाई हजार रुपये प्रति वाहन की रिश्वत मांग रहे हैं। इस पर टीम ने जाल बिछा कर शिकायतकर्ता को पाऊडर लगे 50 हजार रुपये व वाहनों की सूची के साथ थाना प्रभारी धर्मपाल के पास भेजा। जैसे ही थाना प्रभारी ने रिश्वत के रुपये थामे तभी टीम ने पकड़ लिया।

# रोहतक : सीईटी की विभागीय परीक्षा में सभी पास युवाओं को मौका दे गठबंधन सरकार : अनुराग ढांडा

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने प्रदेश सरकार पर निशना साधते हुए कहा कि साढ़े तीन लाख युवाओं ने सीईटी एग्जाम क्लियर किया, जबकि प्रदेश सरकार 32 हजार नौकरियां निकाल कर सिर्फ इनके चार गुना को विभागीय परीक्षा में मौका दे रही है। यह अतार्किक होने के साथ सरासर युवाओं के साथ धोखा और छलावा है। सरकारी विभागों में एक लाख 82 हजार पद खाली हैं। वे शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार सभी साढ़े तीन लाख बच्चों को द्वितीय स्तर पर विभागीय परीक्षा के लिए मौका दे। उन्होंने हरियाणा के बाहर के युवाओं को अंक देने की नीति का भी पुरजोर विरोध किया और कहा कि बाहरी राज्यों के युवाओं को आर्थिक आधार पर 5 प्रतिशत अंक दिए जा रहे हैं, जोकि प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा और दगाबाजी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा पर भी निशाना साधा और कहा कि हुड्डा परिवार रोहतक और आसपास के क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की बढ़ती गतिविधियों से घबरा गया है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा महम में आम आदमी पार्टी के प्रोग्राम के बाद घर घर जा कर माफी मांग रहे हैं। वहीं पूर्व सीएम हुड्डा भी गांव में जाकर अपने हल्के के लोगों को आम आदमी पार्टी से बचने की सलाह दे रहे हैं। ये बौखलाहट हुड्डा परिवार में साफ नजर आ रहा है। इससे साफ हो गया है कि वे मुख्यमंत्री की रेस से बाहर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी भी सभी गांव में जाकर पूर्व की हुड्डा सरकार की पोल खोलेगी। साथ ही वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संगठन का निर्माण कर लेगी। पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी से दस लाख कार्यकर्ताओं को जोडने का काम किया जायेगा। उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी के बजट पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि पंजाब सरकार लगातार लोगों के जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। शिक्षा के बजट में 12 फीसदी व स्वास्थ्य बजट में 11 फीसदी की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं देना आम आदमी पार्टी की प्राथमिकताएं हैं।

**जींद की मंजू शर्मा सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित**

**कैथल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुषमा स्वराज अवार्ड के तहत जींद जिला की मंजू शर्मा को 5 लाख रुपये की राशि का ईनाम व प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया। करनाल की नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को 62 अवार्ड दिए। इनमें से 40 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर इनाम दिया गया तो 22 बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य स्तरीय समारोह के दौरान घटते लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए राज्य में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले जिला के उपायुक्तों व जिला कार्यक्रम अधिकारियों को पुरस्कार राशि व प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया, इनमें प्रथम पुरस्कार के तहत फतेहबाद जिला के उपायुक्त जगदीश शर्मा व डीपीओ डॉ0 दर्शना सिंह को 5 लाख रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए अम्बाला की उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी व डीपीओ मीक्षा रंगा तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले जींद जिला के उपायुक्त मनोज कुमार व डीपीओ सीमा प्रसाद को 2 लाख रूपये की पुरस्कार राशि व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य स्तरीय समारोह के दौरान हरियाणा में बच्चों में कुपोषण को कम करने, पोषण तथा स्वास्थ्य स्तर पर बढ़ोतरी करने वाले सर्वश्रेष्ठ तीन जिलों को पुरस्कृत किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रथम पुरस्कार फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम, द्वितीय पुरस्कार के तहत महेन्द्रगढ़ के उपायुक्त जयकृष्ण अभीर तथा तृतीय पुरस्कार के तहत अंबाला की उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी को वर्ष 2022-23 के लिए क्रमशः 2 लाख, 1 लाख तथा 50 हजार रूपये की पुरस्कार राशि दी।

# भाजपा की 8 सालों की सरकार ने प्रदेश के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है-कैप्टन अजय यादव




**रेवाड़ी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने जनसंपर्क शुरू किया हुआ है। गुडगांव, मेवात और रेवाड़ी सहित पूरी गुडगांव लोकसभा में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो के कई कार्यक्रम किए जा चुके हैं। शनिवार को भी बावल विधानसभा के खोल गांव में पूर्व मंत्री एम एल रंगा के साथ हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया। कैप्टन अजय सिंह यादव ने बताया केंद्र की मोदी और हरियाणा की खट्टर-दुष्यंत सरकार की कुरीतियों को उजागर किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं सुनकर उन्हें हर मंच पर भी उठाया जा रहा है। कांग्रेस की तरफ से केंद्र सरकार के खिलाफ तैयार की गई चार्जशीट को घर-घर बांटा जा रहा है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा भाखली माजरा में एम्स नहीं बनने का कारण राव इंद्रजीत सिंह है। विकास के नाम पर वोट भी नहीं मांग सकते राव इंदरजीत सिंह केवल ध्रुवीकरण के चलते चुनाव जीतते हैं लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। उन्होंने कहा विपक्ष एक ना हो जाए इसलिए भाजपा सरकार विपक्ष के लोगों पर ईडी के छापे मरवा रही है।

कैप्टन अजय यादव ने कहा कि भाजपा की 8 सालों की सरकार ने प्रदेश के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है महंगाई चरम पर है पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है आम आदमियों के कोई भी काम इस सरकार में नहीं हो रहे हैं लोगों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों और सरपंचों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। युवाओं को 2 करोड़ रोज़गार का आश्वासन देकर अग्निपथ जैसी योजना भाजपा सरकार ले आई है। कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निपथ योजना को बंद किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कांग्रेस पार्टी संगठन में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को 50 प्रतिशत जगह देगी। इनका अलग से विभाग भी बनाया जाएगा। वहीं संगठन में युवाओं को भी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। 50 वर्ष से कम आयु वालों की संगठन में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। महिलाओं का भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना करवाई जाएगी ताकि सभी को उनका अधिकार मिल सके। न्यूतम आय योजना सहित समाजिक न्याय परिषद का गठन किया जाएगा। न्यायपालिका में भी आरक्षित सीटों को भरा जाएगा। नेशनल काउंसिल फॉर सोशल जस्टिस बनाया जाएगा जो समय-समय पर कांग्रेस अध्यक्ष को सुझाव देते रहेगें। वहीं एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के लिए अलग से बजट दिया जाएगा

पूर्व मंत्री एम एल ने कहा झूठ की राजनीति और ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है प्रदेश की जनता को उस दिन का इंतजार है जिस दिन प्रदेश में चुनाव होंगे और एक बार फिर से प्रदेश की जनता एकजुट होगी और भाजपा को आईना दिखाने का कार्य करेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रदेश में कांग्रेस को जबरदस्त मजबूती मिली। इसके ठीक बाद शुरू हो रहा 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान 2024 में कांग्रेस की जीत का रास्ता प्रशस्त करेगा।

# हरियाणा में इन्फ्लुएंजा वायरस H3N2 पर अलर्ट, जींद में 1 संक्रमित की हो चुकी मौत

**चंडीगढ़।** इन्फ्लुएंजा वायरस H3N2 की एंट्री हो गई है। जींद में 1 संक्रमित की मौत हो गई है। 10 अन्य लोगों के सैंपल जांच में पॉजिटिव मिले हैं। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अस्पतालों में फ्लू वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पतालों में वायरस से बचाव को लेकर की जा रही तैयारियां पर अनिल विज नजर बनाए हुए हैं। उनका दावा है कि हरियाणा मेंइ एच3एन2 से लड़ने की तैयारियां पूरी कर ली हैं।




**फ्लू के 40 प्रतिशत मिल रहे मरीज**

प्रदेश के अस्पतालों में 40 प्रतिशत लोगों में फ्लू के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यह सामान्य संक्रमण है। किसी भी भयावह स्थिति से बचने के लिए हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने राज्य के सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी अस्पतालों को अलर्ट पर रहने को कहा है, साथ ही अलग से फ्लू OPD भी शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

**इलाज के लिए प्रोटोकॉल जारी**-स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमण के इलाज के लिए एक प्रोटोकॉल भी जारी किया गया है। एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग के प्रति आगाह किया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इन्फ्लूएंजा ए और बी दोनों मामलों का प्रकोप अस्पतालों में दिख रहा है। इसके साथ ही क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, अस्थमा और निमोनिया, दोनों बैक्टीरियल और वायरल के तीव्र प्रकोप के मरीज मिल रहे हैं।

**संक्रमित होने के ये हैं लक्षण**

संक्रमण होने पर रोगियों में खांसी, मतली, उल्टी, गले में खराश, बुखार, शरीर में दर्द और दस्त जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। तीन दिन के अंत में बुखार उतर जाता है, लेकिन खांसी तीन सप्ताह तक बनी रह सकती है। तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ वाले लोगों को तुरंत अस्पतालों में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

**बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा खतरा**-स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों और वरिष्ठ जनों में संक्रमण फैलने का खतरा ज्यादा बताया है। विभाग की ओर से बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों और सह-रुग्णता वाले रोगियों को अलर्ट पर रखने को कहा गया है। आम फ्लू या इन्फ्लूएंजा संक्रमण अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों को अलग-अलग गंभीरता से प्रभावित करता है। इस वर्ष सामान्य फ्लू अत्यधिक संक्रामक है और परिवार के सभी सदस्यों को प्रभावित कर सकता है।

# पंचकूला में 2 दुकानों पर सीएम फ्लाइंग की रेड




**पंचकूला।** गांव बुढ़नपुर में सीएम फ्लाइंग की टीम ने दो दुकानों पर छापामारी करते हुए नकली और विदेशी सिगरेट बरामद की है। टीम को सूचना मिली थी कि अरुण पान शॉप और पटेल स्टोर पर नकली सोने की परत वाला सिगार, विदेश से निर्मित सिगरेट और रोलिंग पेपर बिक रहा है। सूचना पर रेड करते हुए टीम ने वहां से नकली गोल्ड फ्लेक सिगरेट के 59 पैकेट बरामद हुए। टीम को मौके से अलग-अलग मार्का एस्से कोरिया में निर्मित 408 पैकेट, पाइन सिगरेट मेड इन कोरिया 104 पैकेट, अमेरिका में निर्मित मॉन्ड सिगरेट 26 पैकेट, इंडोनेशिया में बनी ब्लैक सिगरेट 73 पैकेट, लंदन में बनी डन हिल सिगरेट 63 पैकेट, गुडांग गरम इंडोनेशिया में निर्मित 65 पैकेट, वर्जिनिया में बनी पेरिस सिगरेट 20 पैकेट, ब्लेंडेड नंबर 555 गोल्ड सिगरेट मेड वर्जीनिया 20 पैकेट, रोलिंग पेपर 173 पाउच बरामद हुए।

**सप्लायर की तलाश में पुलिस**-सीएम फ्लाइंग की टीम और स्थानीय पुलिस ने दुकानदारों से पूछताछ की। पूछताछ में दुकानदारों ने बताया कि उन्हें सिगरेट विपिन नाम का व्यक्ति सप्लाई करता है। अब पुलिस को विपिन की तलाश है। पुलिस ने दुकानदार हरि ओम और सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# अंबाला में गृह मंत्री विज का जनता दरबार, फरियादी बोला-मंदिर में पुजारी के बेटे ने भतीजी का रेप किया

**अंबाला।** कैंट के PWD रेस्ट हाउस में गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार लगा है। प्रदेशभर से हजारों की संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे हैं। गृह मंत्री विज लोगों की शिकायत सुन मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। जींद के पिलुखेड़ा से आए फरियादी ने बताया कि 22 दिसंबर 2022 को उसकी साढ़े 14 वर्षीय भतीजी के साथ मंदिर के पुजारी के बेटे ने रेप किया। भतीजी मंदिर में माथा टेकने गई थी,लेकिन वहां पुजारी के बेटे ने जबरदस्ती उसकी भतीजी के साथ रेप किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अनिल विज ने तुरंत स्क्क जींद को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**कनाडा भेजने की बात कही थी, ससुराल से धक्के देकर बाहर निकाला**

फरीदाबाद से पहुंची विवाहिता ने बताया कि उसकी 15 अप्रैल 2022 को पंजाब में शादी हुई थी। उसका पति कनाडा में रहता है। शादी से पहले ससुराल वालों ने कहा था कि उसे भी कनाडा भेजे देंगे, लेकिन आरोपियों ने कनाडा भेजना तो दूर मारपीट करते हुए ससुराल से भी निकाल दिया। विवाहिता ने आरोप लगाए कि उसके पति ने कनाडा में खुद को अविवाहित बताते हुए पीआर की फाइल लगाई है। इस दौरान जनता दरबार में मौजूद अंबाला ढ्ढत्र शिवास कविराज ने आरोपी पति के खिलाफ वारंट जारी करने के निर्देश पुलिस को दिए। साथ ही अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**SP को शाम तक आरोपी पकड़ने के निर्देश**

चरखी दादरी से पहुंचे व्यक्ति ने बताया कि 5 महीने पहले उसके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। पुलिस ने 3 में से मात्र 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने बिलखते हुए बताया कि वह अपने गांव में भी नहीं जा सकते। वह आरोपियों के डर के चलते दिल्ली में रहता है। आरोपी उसे कभी से जान से खत्म कर सकते हैं। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अनिल विज ने तुरंत स्क्क को कॉल करके शाम तक दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

**महिला बोली- मंत्री जी 4 माह की मासूम बच्ची को प्लीज बचा लो**-पानीपत से पहुंची महिला ने जनता दरबार में बिलखते हुए गुहार लगाई कि उसकी 4 माह की मासूम की जान खतरे में है। बेटी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की चपेट में है। इस बीमारी से बचने के लिए 17 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगेगा। इस पर गृह मंत्री ने महिला को पानी पिलाया और इंजेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया।

**नाबालिग बेटी को भगा ले गया था गांव का युवक, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की**

जींद से पहुंची महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का ही एक युवक 1 जनवरी को भगा कर ले गया था। 12 जनवरी को उसकी बेटी का सुराग लगा। महिला थाना पुलिस रोहतक में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गृह मंत्री अनिल विज ने सुनवाई करते हुए तुरंत एसपी रोहतक को कॉल करके आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए।

इसी दौरान अंबाला के लिए 12 क्रॉस रोड से एक दिव्यांग भी अपनी फरियाद लेकर पहुंचा। उसने बताया कि उसके मकान पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है कृपया करके उसका कब करवाया जाए इस मामले में पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिस पर गृहमंत्री विज ने थाना कैंट एसएचओ नरेश कुमार को बुलाकर तत्काल मकान पर से कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। महेंद्रगढ़ से एक फरियादी ने अपनी शिकायत रखते हुए गृह मंत्री विज को बताया कि उसके परिवार में पिता व दोनों भाई सेना में हैं। एक बेटा शहीद भी हुआ है उनके नाम पर सरकारी स्कूल का नाम देने की बात हुई थी,मगर डेढ़ साल बाद भी फाइल अधिकारियों के दफ्तर में अटकी हुई है।

## पुलिस डायरी

### नशा तस्करी के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को क्राइम ब्रांच डी एल एफ की टीम ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने नशा तस्करी के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी महिला रजिया बेगम मूल रूप से दिल्ली के न्यू फ्रैन्डस कालोनी की हाल झुग्गी खोरी फरीदाबाद की रहने वाली है। दिनांक 14 अप्रैल 2022 को सूरजकुंड ठेके के पीछे नजदीक गांव खोरी में आरोपी महिला हमिदा को गांजा सहित थाना सूरजकुंड के मामले में गिरफ्तार किया था। तफ्तीश के दौरान आरोपी महिला रजिया की संलिप्ता पाई गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी रजिया को नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### महिला दिवस के अवसर पर महिला सुरक्षा एसीपी, एनआईटी, बल्लभगढ़ और सेंट्रल जोन के महिला थाना टीम ने निकाली स्कूटी रैली

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक कार्यालय के निर्देशानुसार पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद में महिला दिवस के अवसर पर आज 10 मार्च को एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका के नेतृत्व में तीनों जॉन के महिला थाना प्रबधक के साथ महिला स्कूटी रैली कर लोगो में महिला का सम्मान करने का संदेश दिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि स्कूटी रैली आज 1ः30 बजे तीनो महिला थाना की महिला पुलिस ने स्कूटी की रैली में भाग लिया। स्कूटी रैली महिला थाना एनआईटी से शुरु होते हुए सेक्टर-21ए रिहायशी एरिया से होते हुए एशियन अस्पताल चौक से मैन बडखल चौक से सेक्टर-21 ए/डी डिवाईडिंग रोड से होते हुए महिला थाना एनआईटी पहुंची है। इस स्कूटी रैली के अवसर पर समाज की अन्य महिलाओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर रंग मंच का भी प्रोग्राम था जिसमें महिला पुलिस टीम ने हर्षोल्लास से महिला दिवस को मनाने का काम किया है। इस अवसर पर एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका ने कहा की महिला आज समाज में हर वर्ग में आगे है महिला पुरुष के कंधे से कंधा मिला कर काम कर रही है। महिला पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नही है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त ने किया प्रशासनिक कार्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिला पुलिसकर्मचारियों को सम्मानित

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त श्री विकास कुमार आरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशासनिक कार्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 10 महिला पुलिसकर्मचारियों को सेक्टर 21ष्ट स्थित पुलिस आयुक्त में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 से 2023 के अवसर पर प्रशासनिक कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली उप निरीक्षक बबीता, स.उप.निरक्षक प्रियंकी,मोनिका,सुमन, मुख्य सिपाही कविता,एवं महिला सिपाही पिंकी, निर्मला, आसमा, बबली और हेमलाता के साथ 10 महिला पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में दोषियों के ठिकाने का पता लगाने व दोषियों को गिरफ्तार करने वाली 10 महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल, डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी बल्लबगढ़ कुशलपाल, एसीपी महिला सुरक्ष, तीनो जॉन के महिला थाना के प्रबंधक व अन्य महिला पुलिसकर्मी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 10 महिला पुलिस अधिकारियों को उनके असाधारण काम के लिए सम्मानित किया, एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा




महिला अधिकारियों को एक प्रशस्ति पत्र और नगद रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त ने खुशी व्यक्त की और सभी उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना की और प्रत्येक पुलिस अधिकारी को अपने अनुभव साझा करने का मौका दिया। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मीयो से उनको ड्युटी करते उनके सामने आने वाली समस्यों के संबंध में जानकारी ली। उप निरीक्षक बबीता, स.उप.निरक्षक प्रियंकी, मोनिका, सुमन, मुख्य सिपाही कविता ने कई दुष्कर्म, छेडछाड, वीडियो व फोटो के जरिए ब्लैक मेल करने के कई मामले सुलझाते हुए महिला को न्याय दिलवाने का कार्य किया है। अनुसंधान अधिकारियो के साथ सयोग व थाना के रिकोर्ड को ठीक रखने में महिला सिपाही पिंकी,निर्मला,आसमा, हेमलता व बबली का नाम शामिल है। उपरोक्त महिला पुलिस अधिकारियों ने बिहार, कोलकाता लखनऊ, झारखंड, मणिपुर आदि स्थानों से बलात्कार के अपराधियों को दबोचकर उन्हें गिरफ्तार करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिलाएं आज समाज के हर वर्ग में अपनी भूमिक निभा रही है। हमारे समाज की आन बान और शान है, महिलाएं मां, बहन, बेटी, दोस्त के साथ-साथ पत्नी का भी दायित्व निभाती है। आज महिलएं सरकारी और प्राइवेट जॉब में उच्च अधिकारीयो के पद पर भी काम कर रही है। महिलाएं आफिस के साथ- साथ परिवार की जिम्मेदारियों को भी निभा रही है। अपने परिवार के साथ साथ समाज की महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारियों भी उनके कंधों पर है इसलिए इनको सम्मानित किया जाना चाहिए जिसकी यह हकदार हैं। पुलिस आयुक्त द्वारा महिला पुलिसकर्मियों को भविष्य में इसी प्रकार समाज में महिलाओं की सुरक्षा और मान सम्मान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी है।

### दीपक हत्याकांड मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने 2 और आरोपियो को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर निदेशक अभियोजन (सामान्य) हरियाणा श्री संजय हुड्डा ने न्यायवादी कार्यालय फरीदाबाद का दौरा/निरिक्षण किया है।इस अवसर पर श्री सतेन्दर कुमार , जिला न्यायवादी श्री अजय कुमार चौहान उप जिला न्यायवादी , श्री बिशन लाल सोनी उप जिला न्यायवादी , श्री नेतराम उप जिला न्यायवादी , श्री प्रवेश बागडी सहायक जिला न्यायवादी , श्री कपिल कुमार सहायक जिला न्यायवादी , श्रीमती दिपाली सहायक जिला न्यायवादी , श्री सूरज कटारिया सहायक जिला न्यायवादी श्री अंकित चौधरी सहायक जिला न्यायवादी , श्री नवीन कुमार सहायक जिला न्यायवादी , श्री कुनाल कुमार सहायक जिला न्यायवादी श्री शशी भूषण मिश्रा सहायक जिला न्यायवादी श्री एस एन बाली सहायक ज़िला न्यायवादी एवं श्री रमन कुमार



मुख्य लिपिक ने स्वागत किया ।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर निदेशक अभियोजन (सामान्य) हरियाणा ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध में शीघ्रता से अदालत के द्वारा फैसला देने की बात कही तथा किसी भी गम्भीर अपराध में फास्ट ट्रैक कोर्ट की तरह कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी आधिकारियों की समस्याओं को सुना और जल्द उनके निवारण का भरोसा दिया।फरीदाबाद पुलिस की तरफ से सलाहकार एस.एन.बाली ए डी ए ने कहा कि पुलिस द्वारा आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाता है। महिलाओं के लिए उचित सुरक्षा प्रदान की जाती है। अगर कोई महिला जघन्य अपराध की शिकार होती है तो फरीदाबाद पुलिस के द्वारा फास्ट ट्रेक कोर्ट में सुनवाई चालान फाइल किया जाता है ताकि जल्द से जल्द न्याय प्राप्त हो सके

### लडाई-झगडा कर पैसे स्नैचिंग करने वाले 7 आरोपियो को थाना मुजेसर टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी श्री नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर पकड के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मुजेसर प्रबंधक की टीम ने लडाई-झगडा कर पैसे स्नैचिंग करने वाले 7 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक,बन्टी,आकाश, साहिल,दिलिप, अजय कुमार और सोनू का नाम शामिल है। ये सभी आरोपी जवाहर कॉलोनी सेक्टर-22 के रहने वाले है। थाना पुलिस टीम ने सभी आरोपियो को सेक्टर-22 एरिया से गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता कोशिन्द ने अपनी शिकायत में बताया कि सीन्टू गांजा बेचने का काम रता था। जिसकी सूचना शिकायकर्ता ने करीब 7-8 महीने पहले पुलिस को दी थी । आरोपी सीन्टू इस बात के लिए शिकायतकर्ता से रंजिश रखा है। पीडित 08 मार्च को अपने किसी रिश्तेदार के यहां गया था। पिछ्से आरोपी ने अपने साथियो के साथ मिलकर 08 मार्च को सीन्टू ने रंजिश रखते हुए अपने भाई आकाश, विकास, सीन्टू के दोस्त व पजोसी बन्टी , सोनू उर्फ चिरकूट, दिलीप, व अन्य साथियो के साथ मिलकर हमारे घर पर लाठी डंडो , सरिया , ईट पत्थर से हमला कर दिया। घर मे घुसकर सारा



सामान तोड़ दिया। जिसमें मेरे परिवार वालों को चोट आई। इसकी सूचना मेरे को मिली जो में अपने रिश्तेदार योगेश साथ क्क्य।फरीदाबाद आया। जब में घर पहुचे तो उपरोक्त आरोपियो ने दुबारा से हमारे परिवार पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता के पिता व रिश्तेदार योगेश को गली मे ही घेर लिया। शिकायकर्ता गली में छुप गया। इस समय शिकायकर्ता के पिता नरेश के पास ईलाज के लिए रखे 1600 रूपये आरोपी सीन्टू छिन लिए। गिरफ्तार किए गए 7 आरोपियो से पूछताछ में 400/-रु बरामद कर लिए गए है। आरोपी सीन्टू से पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पर पूर्व में 2/3 गांजा तस्करी के मामले दर्ज है। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। आरोपी के अन्य साथियो की तलाश जारी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### गौ तस्करी के मामले में 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद-** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में संलिप्त आरोपियो कि धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**मोसिम पुत्र नूरदीन निवासी गाँव ढेंकली थाना सदर नुह जिला नुह**

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मोसिम है आरोपी नहूं जिले के ढेंकली गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को



अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना धौज के गौ तस्करी के मामले में नहूं एरिया से गिरफ्तार किया है। मामले में 5 आरोपियो को पहले गिरफ्तार कर एक देसी कट्टा और गाडी बरामद की जा चुकी है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियो के साथ मिलकर गौ तस्करी की वारदात को 15 मार्च 2022 को अंजाम दिया था। जिस मामले में आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में शामिल अन्य आरोपियो की तलाश जारी है। जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा।



# ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है कद्दू

**कद्दू एक ऐसी सब्जी के जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक हर खाने में मुंह बनाता है। मगर एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह गुणों से भरपूर होती है। इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट आदि गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी स्ट्रांग होने से लेकर वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके साथ ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए यह वरदानस्वरूप है। चलिए जानते हैं इसे खाने के बेहतरीन गुणों के बारे में**

## डायबिटीज में फायदेमंद

एक्सपर्ट्स के अनुसार, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए कद्दू बेहद फायदेमंद मानी गई है। इसका सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

## हाई बीपी रखे कंट्रोल

कद्दू में पोटैशियम भरपूर होता है। ऐसे में यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कारगर माना जाता है। इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

## इम्यूनिटी करे स्ट्रांग

कद्दू में विटामिन-ए, सी, ई आदि गुण होते हैं। इसके सेवन से तेजी से इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में शरीर को बीमारियों से लड़ने की अंदर से मजबूती मिलती है। साथ ही सर्दी, जुकाम, मौसमी व अन्य बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कई गुणा कम रहता है।

## कब्ज से दिलाए राहत

गलत खानपान के चलते बहुत से लोगों को कब्ज की शिकायत रहती है। ऐसे में इस समस्या से राहत पाने के लिए कद्दू का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसके बीजों में फाइबर होने से पाचन शक्ति तेज होती है। ऐसे में कब्ज व पेट संबंधी अन्य समस्याओं से बचाव रहता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

इसमें बीटा कैरोटीन होता है। ऐसे में यह आंखों के लिए स्वस्थ माना जाता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ इससे जुड़ी समस्याएं होने से बचाव रहता है।

## हड्डियों होगी मजबूत

कद्दू में कैल्शियम उचित मात्रा में होता है। ऐसे में इसका सेवन करने हड्डियां मजबूत होती है। इसके साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम रहता है। इसलिए बच्चे से लेकर बड़ों तक हर उम्र के लोगों को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

## वजन घटाए

इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है। ऐसे में मोटापे से परेशान लोगों को इसे अपनी डेली डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।



# हीमोग्लोबिन को मेंटेन करने में मदद करती हैं ये चीजें

**हीमोग्लोबिन शरीर के सभी अंगों को ऑक्सीजन देता है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसे नट्स के बारे में जो आयरन की कमी को पूरा करेंगे और आपके हीमोग्लोबिन को तुरंत बढ़ाएंगे।**

शरीर को फिट रखने में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिएंट्स खाना बेहद जरूरी है। यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी हो जाती है, तो यह शरीर के लिए परेशानी का कारण बनने लगता है। अक्सर लोगों में हीमोग्लोबिन ऐसे में आयरन हीमोग्लोबिन बनाने के लिए महत्तवपूर्ण है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

## काजू

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है तो आप काजू खा सकते हैं। ये आपकी भूख को कम करता है साथ ही शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं। एक मुट्ठी काजू में 189 मिली ग्राम आयरन होता है। ऐसे में जंक फूड खाने से अच्छा है कि आप स्नैक्स में एक मुट्ठी काजू का सेवन करें।

## पिस्ता

पिस्ता स्वाद से भरपूर है और स्नैक्स के लिए सबसे अच्छा है। अगर आपको आयरन की कमी है तो एक मुट्ठी पिस्ता खाएं। एक मुट्ठी पिस्ता में 1.11 मिली ग्राम आयरन होता है।

## बादाम

भिगे बादाम खाने से शरीर को कई तरह के पोषक तत्व मिलते हैं। अगर आप एक मुट्ठी बादाम का सेवन करते हैं तो आपको 1.05 मिली ग्राम मिलता है। कई लोग बादाम का दूध और बादाम के बटर का सेवन करते हैं। ऐसे आपको रोजाना बादाम का सेवन करना चाहिए।

## अखरोट

अखरोट में सबसे ज्यादा पोषक तत्व होते हैं। ये आपके दिमाग को शार्प करने में मदद करता है। साथ ही कम हीमोग्लोबिन वाले लोगों को रोजाना अखरोट का सेवन करना चाहिए। एक मुट्ठी अखरोट खाने से आपको 08 मिली ग्राम प्रोटीन मिलता है।

## मुंगफली

अगर आप मेवा नहीं खा सकते है, तो आप मुंगफली का सेवन कर सकते हैं। एक मुट्ठी मुंगफली में 13 मिलीग्राम मिनीरल्स होते है।



# बेजोड़ सुंदरता और स्वास्थ्य चाहिए, तो रोजाना पिएं एक गिलास नोनी फ्रूट जूस

यंग दिखने के लिए अब आपको रॅपन्जेल के बालों की जरूरत नहीं है। इसके बजाय, एक गिलास नोनी फ्रूट जूस आपकी मदद कर सकता है। हम जानते हैं कि यह फल आपके लिए नया है, लेकिन आयुर्वेद में भी इस अद्भुत फल का उल्लेख किया गया है। आजकल जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, वहां नोनी फल आपकी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फल पोषक तत्वों से भरा हुआ है जो न केवल शरीर की कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करता है, बल्कि विभिन्न वायरस द्वारा हुए नुकसान की मरम्मत में भी मदद करता है। नोनी फल विटामिन ए, विटामिन इ, विटामिन डी3 और आयरन जैसे एंटीऑक्सिडेंट का एक पावरहाउस है। यह सब न केवल आपके आंतरिक कल्याण के लिए, बल्कि बाहरी सुंदरता के लिए भी फायदेमंद हैं। नोनी फल के स्वास्थ्य लाभ

- नोनी फ्रूट जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल बनाए रखने में मदद मिलती है
- नोनी फल में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण होते हैं जो इसे आपकी त्वचा के लिए बहुत अच्छा बनाते हैं। नोनी फ्रूट जूस पीने से न केवल आपके रक्त को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपके पेट के स्वास्थ्य को भी नियंत्रित रखता है। यह सब बेहतर कोशिका संरचना और चिरस्थायी सौंदर्य की ओर ले जाता है।
- **यह जोड़ों की समस्याओं को दूर करता है**
  गठिया से जूझ रहे लोग दर्द का सही अर्थ जानते हैं। आखिरकार, वे दिन-ब-दिन इससे गुजरते हैं। इसके अलावा, इस रोग से संबंधित विकृतियां और भी अधिक समस्याग्रस्त हैं। लेकिन अगर आप अपने दैनिक आहार में नोनी फ्रूट जूस को शामिल करते हैं, तो आप इस समस्या से अच्छी तरह निपट सकते हैं, जैसा कि फूड्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है।
- **नोनी जूस आपके बालों के लिए बहुत अच्छा है**
  पसीना और नमी आपके स्कैल्प में बैक्टीरिया के विकास का कारण बन सकते हैं। यह बालों के रोम को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसकी वजह से आपको स्कैल्प में खुजली, रूसी और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन आप नोनी फ्रूट जूस का सेवन करके, इसके जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुणों के कारण इसे कम कर सकते हैं।
- **यह थकान को कम करने के लिए जाना जाता है**
  थकान का प्रमुख कारण आयरन की कमी है, जिससे एनीमिया हो सकता है। नोनी फल आयरन का एक बड़ा स्रोत है, और इसीलिए यह गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भी बहुत अच्छा है। तो, अब आप जानते हैं कि यदि आप ऊर्जा पर कम हैं तो आपको क्या चाहिए।
- **यूरिक एसिड को कम करता है**
  उच्च यूरिक एसिड बुजुर्गों में सबसे आम समस्याओं में से एक है। यह समस्या न केवल पूरी प्रतिरक्षा प्रणाली को बाधित करती है, बल्कि यह पूरी तरह से दर्दनाक भी है। अगर आपके घर में कोई ऐसा ही है, तो बिना समय बर्बाद किए उनकी डाइट में एक गिलास नोनी जूस शामिल करें और बदलाव देखें।
- **मानसून से संबंधित बीमारियों के लिए**
  मानसून बीमारियों के साथ आता है। खांसी, जुकाम, बदन दर्द, बुखार, दस्त आदि। लेकिन आप में से जो नोनी फल खा रहे हैं, उन्हें सुरक्षा मिलेगी। इसका कारण, इम्युनिटी है!



# करेले में छुपे हैं ढेरों फायदे

**कई ऐसी फल और सब्जियां हैं, जो हमारे लिए काफी गुणकारी हैं। ये हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ और फिट रखती हैं। कई लोग इनके फायदों से इतने अवगत नहीं होते। अब करेले को ही लीजिए। कड़वेपन के कारण कई लोग करेला खाना पसंद नहीं करते हैं, जबकि करेले में हमारे लिए ढेरों फायदे छुपे होते हैं।**

करेले के फायदों को देखते हुए सभी को करेले को प्रमुखता से अपने खानपान का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इसे सब्जी के रूप में और साथ ही जूस के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। जानते हैं करेले खाने से हमें कितने फायदे मिलते हैं। करेला हर किसी की सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं क्योंकि इसे खाकर लोग अक्सर कड़वा महसूस करते हैं। लेकिन करेला सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होता है इसलिए आपको इससे दूर नहीं भागना चाहिए बल्कि आपको इससे दोस्ती करनी चाहिए। और हर दिन इसे अपनी डाइट में शामिल करें ताकि आपकी सेहत अच्छी रहे। अगर आप करेले की सब्जी खाते हैं। तो ऐसे में आप जूस भी लें, इससे आपकी स्किन समस्या के साथ बालों और डायबिटीज को भी काफी फायदा मिलता है। करेले का जूस पीने से आपका चेहरा भी ग्लो करता है। साथ ही बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है जिससे वेट कंट्रोल होता है। करेला विटामिन सी से भरपूर होता है। ऐसे में जानें कैसे करेले के जूस का इस्तेमाल करें।

## डायबिटीज में फायदे

डायबिटीज में करेला हमेशा फायदेमंद साबित होता है। इसमें इंसुलिन जैसा प्रोटीन होता है जिसे पॉलीपेप्टाइड पी कहा जाता है। इसके साथ ही ये डायबिटीज के ब्लड शुगर लेवल को कम करता है म्ये नेचुरल तरीके से आपके डायबिटीज को कम करता है, इसे खाली पेट पीएं।

## लिवर के लिए फायदेमंद

करेले का जूस आपकी आंतो को साफ करता है, दरअसल जूस में मोमोर्डिका चाररेंटिया नामक एक तत्व पाया जाता है। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है जो लिवर को मजबूत करके लिवर डैमेज से सुरक्षा प्रदान करता है, ये आपके ब्लैडर के काम को भी बढ़ावा देता है।

## मोटापा कम करे

करेले का जूस मोटापा कम करने में काफी मदद करता है। दरअसल करेले में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। जिससे कैलोरी कंट्रोल में होती है और वजन नहीं बढ़ता है म्आप करेले का जूस लेंगे तो इससे आपकी डिटॉक्स होता है, इसलिए आप वेट लॉस कर रहे हैं तो ऐसे में करेले का जूस जरुर पीएं।

## स्किन के लिए अच्छा

करेले के जूस में विटामिन ए और सी जैसे शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो आपकी स्किन को अच्छा बनाता है। इसके साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में भी सुधार करता है। ये आपकी स्किन की और कई सारी परेशानियों का भी हल निकलता है।

## हृदय के लिए

हृदय संबंधी परेशानियों में भी करेला फायदेमंद रहता है। यह हानिकारक वसा को हृदय की धमनियों में जमने नहीं देता जिससे रक्तसंचार सुचारू बना रहता है, और हार्ट अटैक की आशंका कम होती है। करेले की पत्तियों या फल को पानी में उबालकर इसका सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और कई तरह का संक्रमण ठीक हो जाता है। वजन होगा कम करेले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालते हैं। सुबह के समय करेले के रस में नींबू की कुछ बूंदें मिलाकर पी जाएं तो शरीर डीटॉक्स होता है। इसके अलावा करेला हमारे शरीर के मेटाबोलिज्म को बढ़ा देता है, जिससे पाचन सही रहता है और इन स्थितियों में वजन कम करना आसान हो जाता है।

# आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है सुबह की खाली पेट चाय की चुस्की

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनके लिए चाय एक एनर्जी ड्रिंक का काम करती है या फिर जिनकी सुबह ही एक कप गर्म प्याली चाय के साथ होती है तो यह खबर आपके लिए ही है। जी हां क्या आप जानते हैं खाली पेट सुबह की चाय की गर्म चुस्की आपकी सेहत पर कितना बुरा असर डाल सकती है। आइए जानते हैं।

सुबह खाली पेट चाय पीने से पेट में अम्लीय और क्षारीय पदार्थों के असंतुलन की वजह से चयापचय प्रणाली बाधित हो सकती है। यह शरीर की नियमित चयापचय गतिविधि में हस्तक्षेप करके व्यक्ति को दिन भर परेशान रख सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, जब दूध को चाय के साथ मिलाया जाता है, तो दूध में मौजूद वजन घटाने के लिए जिम्मेदार तत्वों का असर कम हो जाता है। इसके अलावा दूध से बनी चाय पेट के एसिड को बढ़ाकर आपके पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डाल सकती है। जो कि वजन बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है।

## अल्सर की समस्या

अक्सर आपने कई लोगों को यह कहते सुना होगा कि उन्हें सुबह उठते ही एकदम स्ट्रॉन्ग और गर्मागरम चाय पीना पसंद है। पर क्या आप जानते हैं सुबह-सुबह खाली पेट गर्म चाय पीने से पेट की अंदरूनी हिस्से पर चोट लग सकती है, जो आगे चलकर पेट के अल्सर का कारण भी बन सकता है।

## मोटापे की समस्या

खाली पेट चाय पीने से उसमें घुली हुई चीनी शरीर में प्रवेश करती है, जिससे व्यक्ति का वजन बढ़ने के साथ मोटापा भी बढ़ता है।

## हड्डियों के लिए बुरी है चाय

खाली पेट लंबे समय तक रोज कई कप चाय के पीने से स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी बीमारी हो सकती है यह बीमारी हड्डियों को अंदर ही अंदर खोखला बना देती है। जिसकी वजह से कई गंभीर बीमारी भी हो सकती है।

## थकान और चिड़चिड़ापन

ऐसा कहा जाता है कि चाय पीने से ताजगी आती है। हालांकि सच तो ये है कि सुबह दूध वाली चाय पीने से काम में थकान और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

## पाचन क्रिया पर बुरा असर

सुबह उठते ही कई लोग खाली पेट चाय पीने लगते हैं। जिसकी वजह से उनके पेट में गैस बनने के साथ उनकी पाचन क्रिया भी धीमी हो जाती है। खाली पेट चाय पीने से पित्त की प्रक्रिया में भी बाधा आती है। जिसकी वजह से मिचली और बेचैनी महसूस हो सकती है।

## तनाव बढ़ने का है कारण


सुबह उठते ही फ्रेश और ऊर्जावान बने रहने के लिए लोग एक कप चाय पीना पसंद करते हैं। नतीजतन, ऐसे व्यक्तियों के शरीर में कैफीन की मात्रा काफी बढ़ जाती है और उन्हें नींद न आने के साथ तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं घेर सकती हैं।

## ह्रदय रोग का खतरा

खाली पेट चाय पीने से इसमें मौजूद कैफीन तेजी से शरीर में घुलने लगता है। जो व्यक्ति के ब्लड प्रेशर को प्रभावित करके दिल की सेहत पर भी बुरा असर डालता है।

## इस तरह से पिएं चाय

अगर आप चाय के शौकीन हैं तो हमेशा न ही ज्यादा गर्म और न ही अधिक ठंडी चाय पीएं। सुबह उठते ही चाय पीने की आदत है तो खाली पेट चाय पीने की जगह उसके साथ बिस्किट या स्नैक्स जरूर लें।





# बादशाह 12 मार्च को दुबई में दीप मनी के साथ परफॉर्म करेंगे

जुगनू, कर गई चुल, डीजे वाले बाबू और कई अन्य चार्टबस्टर गानों के लिए पहचाने जाने वाले रैपर बादशाह दुबई में मंच पर लाइव परफॉर्म के लिए तैयार हैं। बादशाह 12 मार्च को डे टू नाइट पार्टी के लिए दीप मनी के साथ परफॉर्म करेंगे। वह दुबई में जीरो ग्रेविटी बीच क्लब में काला चश्मा, लेट्स नाचो, अख लड़ जावे, डीजे वाले बाबू, गर्मी जैसे गाने परफॉर्म करेंगे। बादशाह ने उसी के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने अपने यूएई ( दुबई) दर्शकों के लिए पहले भी परफॉर्म किया है और वे हमेशा मेरे लिए जेनरस रहे हैं। उनके लिए परफॉर्म करने के लिए मुझे जिस तरह का आनंद मिलती है, वह बिल्कुल बेमिसाल है. बादशाह ने आगे कहा, मैं वास्तव में परफॉर्म करने और अपने प्रदर्शन के माध्यम से अपने दर्शकों के जीवन में रंग लाने और उन्हें इस होली के सीजन में एक तरह का अनुभव देने के लिए उत्सुक हूं। रिपोर्ट के अनुसार, कॉन्सर्ट वीकेआर एंटरटेनमेंट एलएलसी द्वारा आयोजित किया जाता है, और इसमें दीप मनी और राघव जैसे अन्य कलाकार भी शामिल होंगे।



# उर्फी जावेद ने ठुकराया रोहित शेट्टी के शो का ऑफर!

सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद हमेशा अपने बोल्ड और अतरंगी फैशन के कारण चर्चा में रहती हैं। हालांकि लोग उन्हे उनके अजब-गजब ड्रेसिंग स्टाइल के कारण ट्रोल भी करते हैं। वहीं हाल ही में उर्फी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' के अपकमिंग सीज़न में शामिल होने की खबरें सामने आईं थीं। लेकिन अब कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस रियलिटी शो के अपकमिंग सीज़न का हिस्सा नहीं बनेंगी। जानकारी के अनुसार उर्फी बहुत लंबे समय से खतरों के खिलाड़ी 13 की टीम के साथ बातचीत कर रही थी और वह भी इस शो को करने में काफी इंटरेस्टेड थीं। लेकिन बैडलक की वह इस शो का हिस्सा नहीं बन पाई हैं। उर्फी एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए किसी के साथ बातचीत कर रही थी और वह खतरों के खिलाड़ी के ऑफर को स्वीकार करने से ठीक पहले तय हो गया था, इसलिए उन्हे शो छोड़ना पड़ा। हालांकि एक्ट्रेस अपने बड़े प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और जल्द ही अपने फैंस के साथ इस न्यूज को शेयर करेंगी। बता दें कि उर्फी अपने करियर में काफी अच्छा कर रही है। वह हाल ही में एक साउथ मैगजीन के डिजिटल कवर पर डिजाइनर कपड़ों के साथ नजर आईं थीं। वह फेमस डिजाइनर जोड़ी अबू जानी और संदीप खोसला के नए कलेक्शन के लिए मॉडल भी बनी थीं। उर्फी को आखिरी बार स्प्लिट्सविला एक्स4 में मिसचीफ मेकर के रूप में देखा गया था।



# छह महीने में जाकर बनी टाइगर-3 में सलमान-शाहरुख की सीक्वेंस


आदित्य चोपड़ा सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर पठान के लिए सलमान खान और शाहरुख खान को बड़े पर्दे पर एक साथ लाने में सफल हुए। इस कदम ने दो सुपर-जासूसों, पठान के रूप में शाहरुख और टाइगर के रूप में सलमान के साथ अब प्रसिद्ध ङ्क्रस्न स्पाई यूनिवर्स के जन्म का संकेत दिया, रास्ते पार किए और दुनिया को दिखाया कि ये क्रूर भाड़े के जासूस भी जासूसी ब्रह्मांड की समय रेखा में बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारतीय सिनेमा के इतिहास के दो सबसे बड़े मेगास्टार के मिलन ने पठान के लिए बड़े पैमाने पर उन्माद पैदा कर दिया क्योंकि दर्शकों ने स्क्रीन पर उनकी अकड़ और सौहार्द को पसंद किया और उन्हें भरपूर प्यार दिया। अब, शाहरुख खान एड्रेनालाईन-पंपिंग एक्शन सीक्वेंस के माध्यम से टाइगर फ्रेंचाइजी में शामिल होने के लिए तैयार हैं, जिसे अप्रैल के अंत में मुंबई में 7 दिनों के लिए शूट किया जाएगा! ध्यान देने योग्य बात यह है कि इस सीक्वेंस की योजना आदित्य चोपड़ा और टाइगर 3 के निर्देशक मनीष शर्मा ने छह महीने से अधिक समय के लिए बनाई थी ताकि यह देश के लिए चर्चा का विषय बन सके! इस फिल्म से जुड़े सूत्र का कहना है कि जब पठान के लिए शाहरुख और सलमान के सीक्वेंस की योजना बनाई गई थी, तो निर्माताओं ने महसूस किया कि सुपर-जासूसों के इस तरह के क्रॉस ओवरों को हर बार एक पायदान ऊपर जाने की आवश्यकता होगी, क्योंकि यह दर्शकों के लिए सबसे बड़ी यूएसपी है। इसलिए, लेखक, आदि और मनीष एक होड़ में चले गए और टाइगर की टाइमलाइन में पठान की एंट्री को लिखने और विजुअलाइज करने में छह महीने लग गए! इस शूट के हर विवरण को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई है कि इसे एक पैसा वसूल मनोरंजन प्रदान करने की आवश्यकता है जो दर्शकों के लिए भी एक तमाशा है।

# शैतान के डर से सना खान ने ठुकराया था खतरों के खिलाड़ी का तगड़ा ऑफर!

सना खान ग्लैमर की दुनिया को कबका छोड़ चुकी हैं, लेकिन उन्होंने हाल ही में खुलासा किया कि वो खतरों के खिलाड़ी का ऑफर ठुकरा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा पैसा देखने के बाद अंदर मौजूद शैतान से लड़ना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि सना ने 2020 में अनस सैय्यद से निकाह किया था।साल 2020 में सना खान ने ग्लैमर की दुनिया को अलविदा कह दिया था। उन्होंने अपने धार्मिक विचारों के अनुसार दूसरों की मदद करने के लिए एक्टिंग छोड़ी थी। उन्होंने 21 नवंबर 2020 में अनस सैय्यद संग निकाह किया। उन्होंने हाल ही में खुलासा किया कि स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी का ऑफर ठुकरा दिया था, क्योंकि वो किसी लालच में नहीं आना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि इतना पैसा देखने के बाद शैतान से लड़ना बहुत मुश्किल है। वो धर्म के पथ पर चल चुकी हैं और इंडस्ट्री को पूरी तरह टाटा बाय-बाय कह चुकी हैं। सना खान को खतरों के खिलाड़ी के छठे सीजन में देखा गया था, जिसे फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने होस्ट किया था। वो इस सीजन में नौवें पायदान पर थीं। इसके बाद उन्हें 10वें सीजन के लिए भी ऑफर भेजा गया था, लेकिन तब वो जान चुकी थीं कि अब वो एंटरटेनमेंट की दुनिया का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं।

# मिस्टर इंडिया ने कैलेंडर के लिए लिखा इमोशनल नोट

बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने अपने मिस्टर इंडिया के सह-कलाकार सतीश कौशिक को उनके और अनुपम खेर के साथ तस्वीरों की एक सीरीज साझा करते हुए उन्हें याद किया। अनिल ने कौशिक को अपना छोटा भाई बताया। 66 वर्षीय अभिनेता और निर्देशक कौशिक का बुधवार देर रात गुरुग्राम में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी कई यादगार भूमिकाओं में कौशिक को 1987 में शेखर कपूर द्वारा निर्देशित फिल्म मिस्टर इंडिया में कैलेंडर की भूमिका निभाने के लिए याद किया जाता है, जिसमें अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अनिल कपून ने कौशिक के साथ कई तस्वीरों को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, इंडस्ट्री के दिग्गजों ने अपना हार्डी खो दिया है, तीनों मस्कटियर्स ने सबसे प्रतिभाशाली, दयालु और प्यार करने वाले मस्कटियर को खो दिया है और मैंने अपना छोटा भाई खो दिया है। बहुत जल्दी चले गए.. आई लव यू सतीश। मिस्टर इंडिया के अलावा अनिल और कौशिक ने राम लखन, हमारा दिल आपके पास है, हम आपके दिल में रहते हैं और बधाई हो बधाई जैसी फिल्मों में साथ काम किया।



# प्रिंयका ने प्राइम वीडियो के सिटाडेल में धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस को लेकर क्या कहा

हाल में प्राइम वीडियो ने सिटाडेल का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी किया था, जो कि अमेज़न स्टूडियो और रुसो ब्रदर्स के एजीबीओ की एक ग्लोबल स्पाई सीरीज है। इस ट्रेलर ने पहले से ही इंटरनेट पर धूम मचा रखी है और अपने जबरदस्त एक्शन और ब्रेथ-टेकिंग विजुअल्स के साथ सभी को हैरान कर रहा है। इस सीरीज के धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान देसी गर्ल ने भी शानदार स्टंट किए, जिसने इसे उनके लिए एक यादगार अनुभव बना दिया। ऐसे में इन स्टंट को परफॉर्म करने के बाद प्राउड फील कर रहीं लीड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहा, मेरी आइब्रोज पर एक निशान है और वह सिटाडेल के सौजन्य से है। मैं इसे अब कवर भी नहीं करती और स्टंट कमाल के थे। मुझे लगता है कि जो और एंथोनी अपने प्रदर्शनों की सूची के साथ सबसे अविश्वसनीय स्टंट टीम को शो में लाए। उन्होंने इस बिजनेस में बेस्ट के साथ काम किया है। हम ऐसे लोगों के साथ काम करने के लिए वास्तव में लखी थे। हमारी स्टंट टीम अविश्वसनीय थी। प्रियंका ने यह भी कहा कि कहानी स्टंट के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, इन विशाल एक्शन सीन्स के बारे में इतना रोमांचक यह है कि वे ड्रामा और स्टोरीटेलिंग से भरे हैं। हमें इन किरदारों के बारे में बहुत कुछ देखने को मिलता है, वे कैसे शारीरिक रूप से बातचीत करते हैं, न केवल अच्छे एक्शन सीक्वेंस बल्कि उनमें फुल ऑन ड्रामा है, इसलिए सभी स्टंट में एक तरह की कहानी है। और वह मेरे लिए बहुत अच्छा और नया था। प्रियंका चोपड़ा जोनस के साथ इस ग्लोबल सीरीज में रिचर्ड मैडेन, स्टेनली टुकी और लेस्ली मैनविल शामिल हैं। रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ और शो रनर डेविड वील द्वारा एक्जीक्यूटिव निर्मित सिटाडेल 28 अप्रैल से विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर 240 देशों और क्षेत्रों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित कई भाषाओं में स्ट्रीम होगी।







# ऑस्कर 2023 के लिए अमेरिका रवाना हुई दीपिका

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, जो इस साल ऑस्कर में सेलिब्रिटी प्रेजेंटर्स होंगी, बड़े इवेंट के लिए अमेरिका के लिए रवाना हो गई हैं। दीपिका को ऑस्कर 2023 अवॉर्ड्स के लिए निकलते हुए एयरपोर्ट पर देखा गया। उनके पति और एक्टर रणवीर सिंह उन्हें एयरपोर्ट पर ड्रॉप करने पहंचे। एक्ट्रेस 12 मार्च को ऑस्कर समारोह के लिए लॉस एंजिल्स में एमिली ब्लंट, सैमुअल जैक्सन और ड्वेन जॉनसन जैसे ग्लोबल स्टार्स के साथ शामिल होंगी। दीपिका ने इंस्टाग्राम के जरिए प्रेजेंटर्स की लिस्ट में अपने नाम की घोषणा की थी। उन्होंने 95वें ऑस्कर में प्रेजेंटर्स की एक लिस्ट साझा की, जिसमें उनका नाम सैमुअल जैक्सन, ड्वेन जॉनसन और रिज अहमद जैसे सितारों के साथ शामिल है.

## गुजरात में दो साल में 4,058 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त : सरकार

गांधीनगर। गुजरात की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने राज्य में 31 दिसंबर 2022 तक पिछले दो साल में 4,058 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और 211.86 करोड़ रुपये की शराब जब्त की है। सरकार ने विधानसभा में शनिवार को बताया कि राज्य में इस अवधि के दौरान शराब और मादक पदार्थ से जुड़े मामलों के लिए तीन लाख से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। राज्य में शराब की बिक्री और शराब पीने पर पाबंदी है। राज्य सरकार ने बताया कि पिछले दो साल में वडोदरा में सबसे अधिक 1,620 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और शराब बरामद की गयी। गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने तारांकित प्रश्न के जवाब में सदन में कहा, ''राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 31 दिसंबर 2022 तक दो साल में 4,058.01 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और 211.86 करोड़ रुपये की शराब जब्त की।'' ये आंकड़ें राज्य के कुल 33 में से 25 जिलों के हैं। भारत निर्मित विदेशी शराब के मामले में अहमदाबाद जिला सबसे ऊपर रहा। जिले में दो साल में 28.23 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गयी। राज्य में दो साल में मादक पदार्थ और शराब जब्त करने के संबंध में कुल 3,39,244 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2,987 लोग इन मामलों में वांछित हैं।

## आरएसएस की बैठक में सामाजिक समरसता बनाने के मुद्दे पर होगा विचार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेतृत्व रविवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय वार्षिक बैठक में इस बात पर विचार करेगा कि सामाजिक समरसता का माहौल किस तरह से बनाया जाए, नागरिकों को उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए कैसे प्रेरित किया जाए और उन्हें कैसे आत्मनिर्भर बनाया जाए। आरएसएस के नेता सुनील आंबेकर ने बताया कि आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में इसके प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबोले सहित 1,400 से अधिक पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और महासचिव (संगठन) बीएल संतोष बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस से जुड़े 34 संगठनों के चुनिंदा पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। प्रतिनिधि सभा आरएसएस की निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। आंबेकर ने कहा कि आरएसएस की शाखाएं वास्तव में समाज में परिवर्तन लाने के केंद्र हैं और वे स्वयंसेवकों द्वारा किए गए समाज के अध्ययन के आधार पर अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इसके लिए काम करती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा में आयोजित तीन दिवसीय बैठक में पिछले कुछ वर्षों में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए अध्ययनों और इस तरह के अध्ययनों के आधार पर किए गए कार्यों पर चर्चा की जाएगी। आंबेकर ने कहा कि बैठक में कई सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होगी। विशेष रूप से सामाजिक सद्भाव का माहौल कैसे बनाया जाए, नागरिकों को उनके कर्तव्य निर्वहन के लिए कैसे प्रेरित किया जाए और उन्हें आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इस दौरान शाखाओं के कामकाज की समीक्षा भी की जाएगी और भविष्य की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

## तिहाड़ जेल में कैदी के पास से 23 सर्जिकल ब्लेड, मोबाइल, ड्रग्स व वर्जित पदार्थ बरामद

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में एक कैदी के पास से जेल अधिकारियों ने 23 सर्जिकल ब्लेड और अन्य प्रतिबंधित सामग्री वाला एक पैकेट बरामद किया है, एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 6-40 बजे सेंट्रल जेल नंबर-3, तिहाड़ के कर्मचारियों ने कुछ कैदियों की संदिग्ध हरकत को देखकर उन्हें रोका और पूरी तरह से तलाशी के बाद एक कैदी के कब्जे से 23 सर्जिकल ब्लेड, ड्रग्स, दो टच स्क्रीन मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और अन्य वर्जित सामान बरामद किया। अधिकारी ने कहा कि आगे की जांच में यह पता चला कि पैकेट को जेल के अंदर की दीवारों पर बगल की जेल से फेंका गया था। पैकेट अंदर फेंकने वाले कैदी की पहचान कर ली गई है। मामले की आगे की जांच और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

## महंगाई भत्ते के बकाए के भुगतान को लेकर बंगाल में हड़ताल

### – सरकारी कार्यालयों में सामान्य कामकाज रहा प्रभावित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में शुक्रवार को महंगाई भत्ते के बकाये के भुगतान की मांग को लेकर राज्य सरकार के संयुक्त मंच द्वारा आहूत हड़ताल के कारण सामान्य कामकाज प्रभावित रहा। नबन्ना के राज्य सचिवालय और राज्य शिक्षा विभाग स्थित विकास भवन में उपस्थिति सामान्य से थोड़ी कम दर्ज की गई, कोलकाता के साथ-साथ जिलों में राज्य के अन्य प्रमुख सरकारी कार्यालयों में दर्ज की गई उपस्थिति सामान्य से बहुत कम थी। बांकुरा और पुरुलिया जैसे जिलों से हड़ताली कर्मचारियों और इसका विरोध करने वालों के बीच झड़प की छिटपुट घटनाओं की सूचना मिली थी। हड़ताल का अधिकतम प्रभाव कलकत्ता उच्च न्यायालय और राज्य की विभिन्न निचली अदालतों में महसूस किया गया, क्योंकि कोर्ट क्लर्कों का एक बड़ा वर्ग ड्यूटी से अनुपस्थित रहा। विभिन्न सरकारी शिक्षण संस्थानों में सामान्य शिक्षण प्रक्रिया भी प्रभावित हुई, क्योंकि बड़ी संख्या में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया। कई स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति भी सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। पश्चिम बंगाल की वित्त प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने हालांकि दावा किया कि राज्य सरकार के बहुमत ने हड़ताल के आह्वान को अस्वीकार कर दिया है और सामान्य रूप से अपनी ड्यूटी में भाग लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जो शुक्रवार को ड्यूटी पर नहीं पहुंचे, उन्हें पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा और संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुपस्थिति को अकार्य (सेवा विराम) माना जाएगा और उस दिन के लिए कोई वेतन स्वीकार्य नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी ने हड़ताली कर्मचारियों को नई दिल्ली जाने और वहां विरोध प्रदर्शन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उन्हें केंद्र सरकार से पूछना चाहिए कि 1.15 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय बकाया अब भी पश्चिम बंगाल सरकार को क्यों नहीं दिया गया है।

## मार्च में ही करा लें आधार से लिंक, नहीं तो अगले माह बेकार हो जाएगा आपका पैन कार्ड

नई दिल्ली। अगर आपने अभी तक पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं करवाया है तो जल्द करवा लीजिए। आप 31 मार्च यानी इस महीने के खत्म होने तक यह काम नहीं कर पाए तो आपका पैन कार्ड रद्द हो जाएगा। बाजार नियामक सेबी ने घोषणा की है कि पैन कार्ड को आधार के साथ लिंक कराने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2023 है। ऐसा नहीं होने पर पैन कार्ड बेकार हो जाएगा। सेबी ने एक रिलीज में कहा कि इनकम टैक्स एक्स 1961 के प्रावधान में हर पैन कार्डधारक को इसे अपने आधार के साथ लिंक करना अनिवार्य है।

रिलीज में आगे कहा गया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा 30 मार्च 2022 को जारी सर्कुलर नं-7 के अनुसार अगर 31 मार्च 2023 तक पैन को आधार से लिंक नहीं किया गया, तो यह बेकार हो जाएगा। वह व्यक्ति इनकम टैक्स एक्ट-1961 के तहत पैन नहीं देने के बराबर ही उत्तरदायी होगा। ऐसे में आप वे सभी वित्तीय कार्य नहीं कर पाएंगे, जिनमें पैन कार्ड जरूरी होता है। आप म्यूचुअल फंड, स्टॉक और बैंक एकाउंट खुलवाने जैसे काम भी नहीं कर पाएंगे। आप 31 मार्च तक अपने पैन को आधार से लिंक नहीं कराते हैं तो यह बेकार हो जाएगा। इस बेकार पैन कार्ड को आप वित्तीय कार्यों के लिए यूज करते हैं, तो आप पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 272बी के तहत आपको 10 हजार रुपए का जुर्माना देना पड़ सकता है। अगर आप 31 मार्च 2023 तक पैन को आधार से लिंक करा लेते हैं तो आपको सिर्फ 1000 रुपए ही लेट फाइन देना होगा। सीबीडीटी ने 30 जून, 2022 के बाद से पैन को आधार से लिंक कराने पर एक हजार रुपए लेट फाइन लगाया था।

# आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में मेरी बेटियों, नन्हें-मुन्ने नातियों व गर्भवती पुत्रवधु को भाजपाई ईडी ने घंटों बैठा के रखा: लालू यादव

### –ईडी की रेड पर भड़के लालू यादव और भाजपा को दी चुनौती




**अगरतला (एजेंसी)।** पटना (ईएमएस)। लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बेटा, बेटी, समधी और अन्य करीबियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद भड़क उठे। संघ और भाजपा के खिलाफ लालू यादव ने मोर्चा खोल दिया है। आरजेडी सुप्रीमो ने प्रवर्तन निदेशालय को भाजपाई ईडी कहकर संबोधित किया है। शुक्रवार को नौकरी के लिए जमीन मामले में ईडी की अलग-अलग टीम ने देशभर में लालू यादव उनके परिवार के सदस्य और करीबियों के 24 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया।

किडनी बदलवाकर सिंगापुर से लौटे लालू प्रसाद यादव ने ईडी प्रकरण पर भाजपा और आरएसएस को ललकारा है। अपने ट्विटर हैंडल पर लालू ने दो संदेश डाले हैं। दोनों संदेशों में लालू यादव ने एक ओर अपने परिवार के सदस्यों का हौसला बढ़ाया है तो बेटी, बहू, नाती, दामाद जैसे संबंधियों की परेशानी की चर्चा कर इमोशनल कार्ड भी खेला है। लालू ने अपने ट्वीट से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भी संदेश दिया है।


लालू प्रसाद यादव ने लिखा है कि हमने आपातकाल का काला दौर भी देखा है। हमने वह लड़ाई भी लड़ी थी। आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में आज मेरी बेटियों, नन्हें-मुन्ने नातियों और गर्भवती पुत्रवधु को भाजपाई ईडी ने 15 घंटों से बैठा रखा है। क्या इतने निम्नस्तर पर उतरकर बीजेपी हमसे राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी? एक अन्य ट्वीट में लालू प्रसाद ने कहा है कि संघ और भाजपा के विरुद्ध मेरी वैचारिक लड़ाई रही है और रहेगी। इनके समक्ष मैंने कभी भी घुटने नहीं टेके हैं और मेरे परिवार एवं पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपकी राजनीति के समक्ष नतमस्तक नहीं होगा।

दरअसल, ईडी की विशेष टीम ने नौकरी के बदले जमीन मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटियों मीसा भारती, रागिनी यादव, चंदा यादव और हेमा यादव, नजदीकी राजद नेता अबु दोजान और करीबियों के पटना सहित 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पटना के अलावा दिल्ली, गुरुग्राम, गाजियाबाद, रांची और मुंबई में इनके ठिकानों को खंगाला।

**लालू के परिवार से 70 लाख कैश, 2 किलो सोना व 900 अमेरिकी डॉलर बरामद**

पटना में अबु दोजान और उनके सीए नायक के पांच ठिकानों पर सुबह से देर शाम तक छापेमारी की गई। फुलवारीशरीफ के हारूण कॉलोनी में दोजान के मकान, एसपी वर्मा रोड में कार्यालय, डाक बंगला चौराहा पर पटना वन मॉल समेत चार ठिकानों और उनके सीए के बुद्धा कॉलोनी स्थित घर में तलाशी ली गई। यहां से बड़ी संख्या में जमीन-जायदाद, निवेश व बैंक खाते के दस्तावेज मिले हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की देशव्यापी रेड में यादव के छोटे बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत लालू की तीन बेटियों के पास से 70 लाख रुपए कैश, 2 किलोग्राम से ज्यादा सोना और 900 अमेरिकी डॉलर बरामद हुआ है। बरामद सोने में 1.50 किलोग्राम जेवर हैं, जबकि 540 ग्राम सोने का सिक्का है।

# कभी कन्या भ्रूण हत्या के लिए कुख्यात हरियाणा अब हर लड़की के जन्म पर जश्न मनाता है : खट्टर



**चंडीगढ़। (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि कभी कन्या भ्रूण हत्या के लिए कुख्यात रहा यह राज्य अब हर लड़की के जन्म पर जश्न मनाता है और आज प्रदेश में प्रत्येक 1,000 लड़कों पर 923 लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2015 को पानीपत में शुरू किए गए ''बेटी बचाओ, बेटी पढाओ'' अभियान के कारण संभव हुआ।

खट्टर ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, ''राज्य सरकार, सामाजिक संगठनों, खाप पंचायतों, एनजीओ और शिक्षा, महिला और बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभागों ने हरियाणा में लैंगिक अनुपात सुधारने में निरंतर प्रयास किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने कन्या भ्रूण हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की।'' उन्होंने कहा, ''इन समर्पित प्रयासों के कारण ही आज हरियाणा में प्रत्येक 1,000 लड़कों पर 923 लड़कियां हैं। 2014 में प्रत्येक 1,000 लड़कों पर 871 लड़कियां थीं।'' उन्होंने कहा कि कभी कन्या भ्रूण हत्या के लिए कुख्यात रहा हरियाणा अब हर लड़की के जन्म पर खुशी मनाता है। करनाल में राज्य स्तरीय ''सम्मान समारोह'' में मुख्यमंत्री ने शिक्षा, संस्कृति, रक्षा, गायन, औषधि, समाज कल्याण, खेलकूद, विमानन और पर्वतारोहण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने फतेहाबाद, अंबाला और जींद में लैंगिक अनुपात में सुधार लाने के लिए इन जिलों के उपायुक्तों को नकद पुरस्कार भी दिए। खट्टर ने कहा कि राज्य के पुलिस बल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 2014 के छह प्रतिशत के मुकाबले आज बढ़कर 10 प्रतिशत हो गया है एवं आने वाले वर्षों में इसे 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा, ''वे कहते हैं कि हर सफल आदमी के पीछे एक औरत का हाथ होता है। मेरी मां ने मेरी सफलता में बड़ी भूमिका निभायी है।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कहा कि 10वीं कक्षा की परीक्षा पास करने के बाद वह आगे पढ़ना चाहते थे लेकिन उनके पिता ने उनका सहयोग नहीं किया बल्कि उनकी मां ने कॉलेज में दाखिले के लिए उन्हें 300 रुपये दिए थे। खट्टर ने कहा, ''मैं अपनी सफलता अपनी मां को समर्पित करता हूं। अगर वह मुझे आगे पढ़ाई के लिए पैसा नहीं देती तो शायद मैं इस पद तक नहीं पहुंच पाता।'' उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ''महिला सम्मान दिवस'' के रूप में मनाना चाहिए।

## दलाई लामा ने धर्म के आधार पर हिंसा को खत्म करने का आह्वान किया



**मुंबई (एजेंसी)।** आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने दुनिया में धर्म के आधार पर हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया। लामा ने 64वें तिब्बती विद्रोह दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कहा, 'मेरा देश, उनका देश, मेरा धर्म, उनका धर्म कहना और इस आधार पर लड़ना और मारना सरासर गलत है। हम पीढ़ियों से, एक दूसरे को मारने के लिए इन हथियारों का इस्तेमाल करते रहे हैं। अब, मुझे लगता है कि हमें कहना चाहिए कि बहुत हो चुका।'

उन्होंने कहा, 'जब मैं छोटा था और दूसरे बच्चों के साथ खेलता था, तो मुझे उनके धर्म और राष्ट्रीयता के बारे में कोई जानकारी नहीं होती थी।' सात-आठ अरब की आबादी वाली दुनिया में एकता का आह्वान करते हुए आध्यात्मिक नेता ने कहा, 'हम एक ही मानव हैं और हमें इस ग्रह पर भाइयों और बहनों के रूप में रहना चाहिए।' धर्मशाला में स्थित निर्वासित तिब्बती संसद ने एक बयान में कहा, 'चीन की सरकार वर्षों से तिब्बत की संस्कृति और पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है। यहां तक कि उन्होंने पर्यावरण को भी नष्ट कर दिया है। लेकिन तिब्बती लोगों ने कभी हार नहीं मानी है। वे शांतिपूर्वक विरोध करते हैं और अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं।' बयान में कहा गया है कि इस दिन 1959 में चीनी सरकार ने तिब्बत की राजधानी लहासा पर हमला किया था और दलाई लामा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। उसमें कहा गया है कि तिब्बत के लोग इसे बर्दाश्त नहीं कर सके और उन्होंने विरोध किया।

## मुख्यमंत्री महात्मा हैं, बिजली बिल की घोषणा को लेकर झूठ थोड़े ही बोलेंगे : टिकैत

### – जब तक इनकी सरकार है तब तक हम बिजली बिल नहीं देंगे

**मेरठ (एजेंसी)।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने कमिश्नरी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में किसान महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रदेश में 2027 तक भाजपा की सरकार है और इन्होंने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री देने की बात कही थी। प्रदेश में मुख्यमंत्री महात्मा हैं, बिजली बिल की घोषणा को लेकर झूठ थोड़े ही बोलेंगे। जब तक इनकी सरकार है तब तक हम बिजली बिल नहीं देंगे। कोई भी किसान अपने नलकूप पर मीटर नहीं लगने देगा। राकेश टिकैत ने कहा कि दिल्ली सरकार के एक मंत्री को इन्होंने जेल में बंद कर दिया है। किसान की जमीन को लूटने का कार्य सरकार कर रही है। जेवर एयरपोर्ट के साथ हाईवे परियोजनाओं में कई मामले सामने आ चुके हैं। गन्ने का भुगतान, गन्ने का दाम, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट, बेसहारा पशु, एमएसपी गारंटी कानून आदि की मांग को भी टिकैत ने महापंचायत के मंच से रखा। भाकियू की महापंचायत के दौरान सुरक्षा के चलते दोपहर में कमिश्नरी पार्क के आसपास पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर नजर रखी। अफसर दूर बैठकर ही सबपर नजर रखे हुए थे। बड़ी संख्या में चारों तरफ पुलिसकर्मी थी। सादे कपड़ों में भी सिपाही घूम रहे थे।

इसके अलावा खुफिया विभाग के कर्मचारी भी नजर रखे हुए थे। उधर, हापुड़ से आए विकास और बागपत से आए सुरेंद्र की किसी ने जेब काट ली थी। कुछ अन्य की जेब पर भी हाथ साफ हो गया था। राकेश टिकैत ने कहा कि विपक्ष को सरकार खूंटे से बांधने का काम कर रही है। समय आ गया है कि इनके खूंटे उखाड़ने पड़ेंगे। आंदोलन को मजबूत रखना होगा। किसानों को नशे से दूर रहना होगा व झगड़ा बिल्कुल नहीं करना है। किसान के 10 साल पुराने ट्रैक्टर को लेकर कहा कि यदि ट्रैक्टर पर रोक लगाने का प्रयास भी किया गया तो ट्रैक्टर किसान का टैंक बनेगा। किसान किसी प्रकार ट्रैक्टर खरीदकर खेती करता है, लेकिन 10 साल होते ही सरकार कहती है ट्रैक्टर काटना पड़ेगा।

# 'साहेब जेल में डालकर मेरा हौसला नहीं तोड़ सकते', तिहाड़ से मनीष सिसोदिया का बीजेपी को बड़ा संदेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाले में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जेल से अपने ताजा ट्वीट में भाजपा पर निशाना साधा है। आप के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा, ÷सर, आप मुझे जेल में डालकर परेशान कर सकते हैं। लेकिन मेरा हौसला नहीं तोड़ सकते। जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश नाम से ट्वीट उनके ट्विटर अकाउंट से किया गया जिसमें लिखा था- साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुँचा सकते हो, मगर मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते, कष्ट अंग्रेजो ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को दिए, मगर उनके हौसले नहीं टूटे।

गिरफ्तार आप नेता ने उन दिनों को भी याद किया जब भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अंग्रेजों से परेशान थे, उन्होंने अपनी वर्तमान स्थिति की भारत के स्वतंत्रता संग्राम से तुलना करते हुए कहा कि वे (स्वतंत्रता सेनानी) कठिनाइयों के बावजूद दृढ़ संकल्पित रहे। दिल्ली शराब नीति मामले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था. मनीष सिसोदिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश), 477 ए (धोखाधड़ी करने का इरादा) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया के जवाब संतोषजनक नहीं थे और वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली शराब नीति में कुछ विवादास्पद प्रावधान जोड़े गए थे जो पहले मसौदे का हिस्सा नहीं थे। सीबीआई द्वारा इसके बारे में पूछे जाने पर, सिसोदिया यह बताने में विफल रहे कि उन प्रावधानों को अंतिम मसौदे में कैसे शामिल किया गया।

## यूपी के इतिहास में सबसे भ्रष्ट्र सरकार हैं योगी सरकार: शिवपाल



**इटावा (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के इटावा जिले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने योगी सरकार पर बड़ा हमला किया है। शिवपाल ने योगी सरकार के अधिकारियों को भ्रष्टाचारी करार दिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी है। बीजेपी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हर विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव शहर में एक निजी स्कूल के उद्धघाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। शिवपाल ने मंच से अपने संबोधन में उच्च शिक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। उसके बाद शिवपाल मंच से प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि यूपी में इससे पहले कोई दूसरी भ्रष्ट सरकार नहीं आई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जमकर भ्रष्टाचार करने में जुटे हुए हैं। हर संस्था और यहां तक कि न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार नजर आ रहा है। हमने 50 साल पहले तक का समय देखा है, जब आईएएस, आईपीएस अधिकारी कभी झूठ नहीं बोलते थे, लेकिन अब अधिकारियों ने सारे रिकॉर्ड तोड दिए।

गौरतलब है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव लगातार प्रदेश सरकार पर हमलावर है।

# बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे का आज पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

### –जेडी(एस) का दावा पूर्व पीएम देवेगौड़ा का ड्रीम प्रोजेक्ट



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** देश को बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे के रूप में एक नया एक्सप्रेसवे मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च रविवार को नए मार्ग का उद्घाटन करने वाले हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बेंगलुरू-मैसूर एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से पहले ही जनता दल सेकूलर ने एक अभियान शुरू कर दावा किया है, कि यह पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का एक ड्रीम प्रोजेक्ट था।

बता दें कि पीएम मोदी रविवार को एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने के बाद मांड्या जिले में रोड शो और मेगा जनसभा को भी संबोधित करने वाले हैं। जिले को वोक्कालिगा गढ़ माना जाता है और जेडी(एस) इस क्षेत्र से अपनी ताकत प्राप्त करता रहा है। वहीं, राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा क्षेत्र के वोट बैंक को साधने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मांड्या का दौरा कर इस संबंध में पार्टी नेताओं के साथ कई बैठकें की थीं। जेडी(एस) ने कर्नाटक के समाचार पत्रों में पूरे पृष्ठ का विज्ञापन जारी किया है जिसमें दावा किया है, कि बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे देवेगौड़ा का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

बेंगलुरू-मैसूर सड़क मार्ग इतना खराब था कि 1983 में बिदादी के पास एक बस दुर्घटना में तमिलनाडु के 23 छात्रों की मौत हो गई थी। छात्र एकेडमिक टूर पर थे और हादसा उस वक्त हुआ जब बस मुड़ रही थी। तब पीडब्ल्यूडी व सिंचाई मंत्री देवेगौड़ा ने फोर लेन सड़क बनवाई थी। जेडी(एस) का दावा है कि, बाद में, उन्होंने बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे के लिए रणनीतिक विकल्प अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञ संस्थान नियुक्त किया। देवे गोवा ने 1991 में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में बेंगलुरु-मैसूर इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर के लिए काम शुरू किया। पार्टी ने आगे दावा किया, 1995 में, एक संघ का गठन किया गया था और कर्नाटक सरकार और अमेरिका के मैसाचुसेट्स गवर्नर के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा है कि परियोजना को राज्य और केंद्र में डबल इंजन सरकार के साथ लागू किया गया था।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया ग्रुप सी के 842 कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया

### – बंगाल के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अवैध रूप से की गईं थीं नियुक्तियां

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ग्रुप सी श्रेणी के 842 गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त करने का आदेश दिया, जिन्हें कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अवैध रूप से नियुक्तियां प्रदान की गई थीं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल न्यायालयीन पीठ ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) और पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) को शनिवार दोपहर 12 बजे तक इस संबंध में अनुशंसा पत्र रद्द करने और सेवाओं की समाप्ति पर अलग-अलग अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने आयोग और बोर्ड को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि अब से इन ग्रुप सी के कर्मचारियों को कोई वेतन नहीं दिया जाएगा। शुक्रवार को न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय का आदेश डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा अदालत में यह बताने के बाद आया कि इन 842 ग्रुप सी कर्मचारियों में से 785 ने ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन शीट के साथ छेड़छाड़ करके नियुक्तियां हासिल कीं, जबकि शेष 57 को आयोग की वैध सिफारिशों के बिना नियुक्तियां मिलीं। आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि न तो आयोग और न ही राज्य शिक्षा विभाग इतने बड़े पैमाने पर भर्ती भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी लेने से बच सकता है।

## अफगानिस्तान : पत्रकारों के पुरस्कार समारोह में विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल

जलालाबाद (अफगानिस्तान)। अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर में पत्रकारों के लिए शनिवार को आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान हुए बम विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। बल्ख पुलिस के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि बल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ के ताबियान फरहांग केंद्र में पूर्वाह्न 11 बजे पुरस्कार समारोह के लिए पत्रकार एकत्र हुए थे, तभी यह विस्फोट हो गया। इससे दो दिन पहले मजार-ए-शरीफ में बम धमाके में एक प्रांतीय गवर्नर सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी और चार घायल हो गए थे। शनिवार को हुए हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन पांच घायलों में पत्रकार शामिल हैं। इनमें 'आर्याना न्यूज' टेलीविजन चैनल का रिपोर्टर नजीब फरयाद शामिल है। फरयाद ने कहा कि उसे महसूस हुआ कि जैसे उसकी पीठ में कोई चीज आकर लगी। इसके बाद एक जोरदार आवाज हुई और वह जमीन पर गिर गया। इस हमले की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़ा क्षेत्रीय संगठन 'इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस' तालिबान का अहम प्रतिद्वंद्वी है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था, जिसके बाद से इस संगठन के हमले बढ़े हैं। इन अधिकतर हमलों में तालिबानी गश्ती दलों और अफगानिस्तान के शिया अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाया गया है।

## कैलिफोर्निया में तूफान से 13 की मौत

सैन फ्रांसिस्को । हाल ही में आए ऐतिहासिक तूफान के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया में बर्फ में दबकर 13 लोगों की मौत हो गई है। सैन बर्नार्डिनो काउंटी कोरोनर के कार्यालय के हवाले से बताया कि 26 फरवरी से 8 मार्च तक पहाड़ों में 13 लोगों की मौत हुई। बर्फीले तूफानों ने क्षेत्र को तबाह कर दिया। कोरोनर ने अब तक केवल एक मौत की पुष्टि की है, जबकि आठ अन्य मौतों की जांच की जा रही है। बचाव कार्यों में भाग लेने वाले एक स्वयंसेवक ने बताया, अभी बहुत कुछ किया जाना है। यहां बहुत ठंड है। इसकारण अगर किसी के पास अपने घर को गर्म करने के लिए बिजली या गैस नहीं है, तब वे जम कर मर सकते हैं। तीन मीटर से अधिक बर्फ ने पर्वतीय क्षेत्रों तक सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इससे भोजन, दवा और ईंधन की आपूर्ति कम हो रही है। फंसे हुए स्थानीय लोगों को बिजली के बिना रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने 1 मार्च को क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित की।

## कैलिफोर्निया में गुरुद्वारे पर हमले की साजिश रचने को लेकर भारतीय मूल का सिख नेता गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया में कई लोगों को गोली मारने और एक गुरुद्वारा को आग के हवाले करने के लिए कथित तौर पर भाड़े पर बदमाशों को रखने का प्रयास करने को लेकर भारतीय मूल के 60 वर्षीय एक सिख व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में आई खबरों में यह बताया गया है। बेकर्सफील्ड डॉट कॉम पोर्टल की खबर के अनुसार, गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी खालसा दरबार को कथित तौर पर निशाना बनाने और संपत्ति को आग के हवाले करने को लेकर बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के पूर्व उम्मीदवार राजवीर राज सिंह गिल को चार मार्च को गिरफ्तार किया गया। खबर में कहा गया है कि गिल के आवास पर अधिकारियों ने तलाशी वारंट तामील किया था, जिसके बाद उसे छह आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। बेकर्सफील्ड पुलिस विभाग ने कहा कि गिल ने गुरुद्वारा को आग के हवाले करने और अपने साथ विवाद वाले लोगों को गोली मारने के लिए कुछ लोगों को रकम की पेशकश करने की कोशिश की थी। गिल ने 2022 में सिटी काउंसिल वार्ड 7 का चुनाव मनप्रीत कौर के खिलाफ लड़ने की कोशिश की थी। कौर चुनाव जीत गई और वह बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के लिए निर्वाचित पहली सिख पंजाबी महिला है।



## दिमाग में सपनों की स्कैनिंग करके छवि कार्यों में प्रिंट होगी

टोक्यो । जापान के वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से ब्रेन की स्कैनिंग करने में बड़ी सफलता हासिल की है। दिमाग में सपने के रूप में भी जो देखा जाएगा। उसकी छवि को कागजों पर प्रिंट भी किया जा सकेगा। जापान की ओसाका यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता शिनजी निशिमोटो तथा यू ताकागी ने मस्तिष्क में होने वाली गतिविधियों की एआई की मदद से छवियों में परिवर्तित करने की तकनीकी विकसित की है। इससे पहले एआई से चेहरों के चित्र बनाए जाते थे। अब उसी तरह से टेक्स्ट टू इमेज जनरेट स्टेबल डिफ्यूजन एआई एल्गोरिदम का इस्तेमाल किया गया है। यह ब्रेन स्कैन को डिकोड करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। सपने में हमारा मस्तिष्क जिस छवि को देखता है। उसको टेम्पोरल लोब उसकी जानकारी दर्ज करता है। ओसीसीपिटल लोब सोचने के तरीके को रिकॉर्ड करता है। इस दौरान रक्त प्रवाह में जो परिवर्तन होता है। उन्हीं परिवर्तन को एआई की मदद से चित्र में बदल देता है। इस तकनीकी के माध्यम से अब सपने भी रिकॉर्ड किए जा सकते हैं। इस खोज से सबसे ज्यादा फायदा लकवा पीड़ित मरीजों को होगा। वहीं पशुओं और पक्षियों के बारे में भी जाने में आसानी होगी। कि वह किस तरह से देखते, समझते और सोचते हैं।

## तुर्किए में संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव 14 मई को

तुर्किये । छह फरवरी को आये विनाशकारी भूकंप में करीब 50,000 लोगों की मौत होने के बावजूद राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन ने देश में निर्धारत समय से एक महीने पहले 14 मई को संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराने के फैसले को औपचारिक मंजूरी दे दी। यह देश में पिछले कई दशकों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनाव हो सकता है। एर्दोआन तुर्किये पर 2003 से शासन कर रहे हैं और वह अपने कार्यकाल का विस्तार करना चाहते हैं। हालांकि, आगामी चुनाव उनके के लिए सबसे कड़ी चुनावी चुनौती हो सकती है। इस सप्ताह की शुरूआत में राष्ट्रवादियों, इस्लामवादियों और कट्टरपंथियों सहित विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोआन के खिलाफ एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी। एर्दोआन ने आधिकारिक गजट में प्रकाशित चुनाव की तारीख की पुष्टि करने वाले फैसले पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा ?कि चुनाव कराने का हमारा फैसला देश के लिए लाभकारी हो सकता है। अब सर्वोच्च चुनावी परिषद (सुप्रीम इलेक्टोरल काउंसिल) चुनाव कार्यक्रम तैयार करेगी।

## नेपाल में डॉक्टरों ने एक व्यक्ति के पेट से वोदका की बोतल निकाली

काठमांडू । नेपाल में चिकित्सकों ने 26 वर्षीय व्यक्ति की सर्जरी कर उसके पेट से वोदका की बोतल निकाली। एक खबर के अनुसार रौतहट जिले की गुजारा नगरपालिका में रहने वाले नूरसाद मंसूरी ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की, जिसके बाद हुई जांच के दौरान वोदका की बोतल मिली। खबर में कहा गया है कि पांच दिन पहले उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और ढाई घंटे की सर्जरी के बाद उसके पेट से सफलतापूर्वक बोतल निकाल ली गई। एक चिकित्सक ने बताया कि बोतल से उसकी आंत फट गई थी, जिसके कारण मल का रिसाव और आंतों में सूजन हो रही थी। लेकिन अब वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने कहा कि हो सकता है कि नूरसाद के दोस्तों ने उसे शराब पिलाई हो और मलाशय के रास्ते उसके पेट में जबरदस्ती बोतल घुसा दी हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि संदेह है कि बोतल मलाशय के रास्ते नूरसाद के पेट में डाली गई। रौतहट पुलिस ने घटना के सिलसिले में शेख समीम नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और नूरसाद के कुछ दोस्तों से भी पूछताछ की है। खबर मेंचंद्रपुर पुलिस कार्यालय के हवाले से कहा गया है कि हमें समीम पर शक है, इसलिए हमने उसे हिरासत में ले रखा है और जांच कर रहे हैं। रौतहट के पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर बुढा मागर ने कहा कि नूरसाद के कुछ अन्य दोस्त फरार हैं और हम उनकी तलाश कर रहे हैं।



त्तर कोरिया में एक अज्ञात स्थल से मिसाइलें दागने का अभ्यास किया गया।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड को कारण बताओ नोटिस जारी

काठमांडू । नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने एक रिट याचिका पर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। याचिका में अनुरोध किया गया है कि देश में एक दशक तक चले माओवादी उग्रवाद के दौरान पांच हजार लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रचंड के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के सूत्रों के अनुसार अधिवक्ता ज्ञानेंद्र आरण और माओवादी उग्रवाद के अन्य पीड़ितों ने मंगलवार को यह याचिका दायर की थी। सूत्रों ने कहा कि कल्याण बुद्धथोकी नामक व्यक्ति की एक और रिट याचिका पंजीकरण की प्रक्रिया में है। शीर्ष अदालत ने मौजूदा संदर्भ में आदेश पारित करने के लिए पर्याप्त कारण नहीं होने का हवाला देते हुए कहा कि अंतरिम आदेश जारी करना आवश्यक नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि अदालत 68 वर्षीय प्रधानमंत्री प्रचंड को गिरफ्तार करने के लिए अंतरिम आदेश जारी करे। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी, 2020 को काठमांडू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रचंड ने कथित तौर पर कहा था कि एक दशक तक विद्रोह का नेतृत्व करने वाली माओइस्ट पार्टी के नेता के रूप में वह 5,000 लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेते हैं और देश को शेष मौतों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अनुमान है कि एक दशक तक चले उग्रवाद के दौरान लगभग 17,000 लोगों की मौत हुई। प्रचंड ने जनयुद्ध के नाम पर एक दशक तक सशस्त्र संघर्ष चलाया था।

# पाकिस्तान के सामने कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का मुश्किल काम: जरदारी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया है कि उनके देश के सामने कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का ''मुश्किल कार्य'' है। भारत का जिक्र करते हुए जरदारी की जुबान लड़खड़ाई और उन्होंने 'पड़ोसी' शब्द का इस्तेमाल करने से पहले उसके लिए 'हमारे मित्र' शब्दों का इस्तेमाल किया।

जरदारी ने फलस्तीन और कश्मीर के हालात को 'एक समान' बताये जाने वाले एक प्रश्न के जवाब में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''आपने यह सही कहा कि हमारे सामने कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का विशेष रूप से मुश्किल काम है।'' पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के हर मंच पर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है, भले ही किसी भी विषय या एजेंडे पर चर्चा की जा रही हो। बहरहाल, वह इस मामले में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों का व्यापक समर्थन हासिल करने में विफल रहा है। अधिकतर देश कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मामला मानते हैं। चौंतीस-वर्षीय विदेश मंत्री ने कहा, ''और कभी कश्मीर का मामला उठाया जाता है, तो हमारे मित्र... हमारे दोस्त... हमारे... हमारे... पड़ोसी देश कड़ा और जोर-शोर से विरोध करते हैं और हकीकत से परे अपने आख्यान पर स्थिर रहते हैं और दावा करते हैं कि यह संयुक्त राष्ट्र का विवाद नहीं है और यह विवादित



क्षेत्र नहीं है।'' भारत ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था।

इसके बाद से भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से साफ कहा है कि अनुच्छेद 370 को रद्द करना उसका आंतरिक मामला है। उसने पाकिस्तान को भी वास्तविकता स्वीकार करने और भारत-विरोधी सभी दुष्प्रचार रोकने की सलाह दी है। जरदारी ने कहा, ''सच्चाई को सामने लाना हमारे लिए मुश्किल है, लेकिन हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि वह हर मौके पर और हर मंच पर फलस्तीन और कश्मीर के लोगों की स्थिति का जिक्र करने का प्रयास करते हैं, भले ही वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या कोई अन्य कार्यक्रम। जरदारी ने कहा, ''मुझे लगता है कि आपने जो समानता बताई है, वह उचित है। कश्मीर के लोगों की स्थिति और फलस्तीन के लोगों की स्थिति में कई समानताएं हैं। मेरे अनुसार यह कहना उचित है कि संयुक्त राष्ट्र ने दोनों मामलों पर ध्यान नहीं दिया और हम चाहते हैं कि न केवल फलस्तीन, बल्कि कश्मीर पर भी अतिरिक्त ध्यान दिया जाए।

# उत्तर कोरिया में अधिक बच्चे पैदा करने वाली महिलाएं मानी जाएंगी देशभक्त

### –तानाशाह किम जोंग ने अधिक बच्चा पैदा करने का दिया फरमान

**प्योंगयांग (एजेंसी)** उत्तर कोरिया में अब महिलाओं से ?यादा बच्चे पैदा करने के लिए कहा गया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक आधिकारिक आदेश जारी कर महिलाओं से कहा गया है कि वो ज्यादा बच्चों का बोझ उठाएं, ताकि ये बच्चे आगे चलकर देश की सेना में शामिल हो सकें। ऐसा करने से महिलाएं तानाशाह किम जोंग उन के लिए अपनी वफादारी साबित कर सकेंगी। मीडिया के अनुसार जो महिलाएं ज्यादा बच्चे पैदा करेंगी, उन्हें देशभक्त माना जाएगा। सूत्रों की तरफ से बताया गया है कि गृहणियों के लिए जारी होने वाले संबोधन में यह संदेश दिया गया है। इस संबोधन का मकसद हाउस वाइव्स को उनकी ड्यूटीज के बारे में बताना था।

पिछले हफ्ते इस तरह का एक लेक्चर आयोजित हुआ था। यह भाषण देश की सेना के लिए सक्रिय समर्थन के मकसद से आयोजित किया गया था। इस भाषण में ही कहा गया था कि ज्यादा बच्चे पैदा होने और उन्हें देश की सेना में भेजकर महिलाएं अपनी देशभक्ति साबित कर सकेंगी। इस भाषण को महिलाओं के लिए उस आधिकारिक रिमाइंडर के तौर पर माना जा रहा है जिसके तहत उन्हें एक पत्नी, बहू और मां के रोल के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया है कि अपने पति और बच्चों को सपोर्ट कर कैसे महिलाएं देश की अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकेंगी। रयांगयांग प्रांत में हुए इस भाषण में गर्भवती महिलाओं को देशभक्ति का एक बड़ा सुबूत बताया गया। सूत्रों के मुताबिक इन महिलाओं को उन देशभक्तों के तौर पर देखा गया था, जिन्होंने अपने सभी सात या आठ बच्चों को मिलिट्री में भेज दिया था। इस भाषण में इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे देशभक्ति की भावना की उत्तर कोरिया को जरूरत है।

## राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी ली कियांग बने चीन के नए प्रधानमंत्री, एनपीसी ने लगाई मुहर

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के प्रधानमंत्री के रूप में ली कियांग ने शनिवार को शपथ ली। चीन की संसद ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी सहयोगी ली कियांग को देश का नया प्रधानमंत्री घोषित किया था। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के प्रस्तावों को नियमित रूप से पारित करने वाली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के वार्षिक सत्र ने ली कियांग की उम्मीदवारी को मंजूरी दी। बता दें कि ली का नाम खुद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रस्तावित किया था।

63 वर्षीय ली कियांग को शी जिनपिंग का काफी करीबी माना जाता है। शी के बाद सीपीसी और सरकार के नंबर दो रैंक के अधिकारी ली कियांग ही होंगे। बता दें कि 10 मार्च को चीन की संसद ने शी जिनपिंग के अभूतपूर्व तीसरे पांच साल के कार्यकाल का समर्थन कर दिया है। वह आधिकारिक तौर पर लगातार तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति चुने गए हैं। शी जिनपिंग, पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद पहले चीनी नेता बन गए हैं, जिन्हें राष्ट्रपति का



तीसरा कार्यकाल मिला है। ली कियांग चीन के सबसे बड़े आधुनिक व्यापार केंद्र शंघाई में पार्टी के प्रमुख थे। कोरोनाकाल के दौरान ली ने शहर के 25 मिलियन लोगों की दो महीने की लॉकडाउन में देखरेख की थी। उम्मीद है कि ली कियांग दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र के साथ-साथ विदेशी निवेश को प्रेरित करेंगे। इसके अलावा ली को चीन की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को फिर से मजबूत करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

# खून की प्यासी और सत्ता के लिए भूखी है चीन की जिनपिंग सरकार: रिपब्लिकन सांसद माइक

### –अमेरिकी सांसद ने कहा– चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अब भी खतरा व धोखेबाज

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका और चीन के रिश्तों में तल्खी बरकरार है। कोविड-19 के दौर में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर जमकर हमलो बोला था। वर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन के दौर में भी यह सिलसिला जारी रहा। ताजा हमले में अमेरिकी सदन की एक विशेष समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष ने वाशिंगटन में चीनी दूतावास के बाहर एक रैली में शुक्रवार को बीजिंग सरकार को खून की प्यासी और सत्ता के लिए भूखी बताया है। रिपब्लिकन सांसद माइक गैलाघर चीन के शासन के खिलाफ 1959 के तिब्बत के असफल विद्रोह की याद में आयोजित इस रैली में शामिल हुए। यह रैली ऐसे वक्त में की गयी, जब अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। तिब्बती समुदाय के सदस्यों से बातचीत में गैलाघर ने कहा कि वह आजादी और संस्कृति के लिए लड़ाई में उनके साहस को पहचान देना चाहते हैं।

उन्होंने तिब्बती लोगों को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सांस्कृतिक नरसंहार का पीड़ित बताया। उन्होंने कहा कि वे जरा भी नहीं बदले। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अब भी खतरा है, वह धोखेबाज, सत्ता के लिए भूखी और खून की प्यासी है।

उल्लेखनीय है कि चीन सदियों से तिब्बत पर अपना दावा जताता रहा है और उसकी दलील है कि उसने क्षेत्र में जीवन जीने की स्थितियों में सुधार किया है तथा गरीबी कम की है। उसका कहना है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश बीजिंग पर तिब्बती लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का झूठा आरोप लगाते हैं। गैलाघर ने कहा कि हम देख रहे हैं कि सीसीपी हमारी अपनी संप्रभुता को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, चाहे वह चीन के



जासूसी गुब्बारे के जरिए हो या सीसीपी द्वारा नियंत्रित एल्गोरिद्म या फेंटानिल के जरिए हो, जिससे एक साल में 70 हजार अमेरिकियों की मौत होती है।

## अंतरिक्ष में एक बेहद दुर्लभ आकाशगंगा का पता चला, इसमें समा जाएं 1000 करोड़ वजनी सूरज

ह्यूस्टन । अंतरिक्ष में एक बेहद दुर्लभ आकाशगंगा का पता चला है, जिसके अंदर तीन विशालकाय ब्लैक होल्स हैं। दुर्लभ आकाशगंगा इसलिए कहा गया, क्योंकि इसमें तीन गैलेक्सी मिल रही हैं। ये सब मिलकर ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु बना रहे हैं। ये ब्लैक होल्स इतने बड़े हैं कि वो 1000 करोड़ सूरज के वजन के बराबर होंगे यानी ये ब्लैक होल्स हमारे सूरज से 30 हजार करोड़ गुना बड़े हैं। ये ब्लैक होल्स हमारे मिल्की वे आकाशगंगा में मौजूद ब्लैक होल्स से लाखों गुना बड़े हैं। वैज्ञानिक इन मिलती हुई तीन आकाशगंगाओं की स्टडी एस्ट्रीड तकनीक से कर रहे हैं। यह एक हाई रेजोल्यूशन कॉस्मोलॉजिकल सिमुलेशन है। इसके जरिए वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड की उत्पत्ति का समय खोज रहे हैं, जिसे करीब 1100 करोड़ साल पुराना माना जा रहा है। इसी दौरान वैज्ञानिकों को इस विशालकाय ब्लैक होल का पता चला, जो तीन आकाशगंगाओं के मिलन वाली जगह पर मौजूद है। हर आकाशगंगा के खुद के क्वासार हैं। क्वासार वो विशालकाय ब्लैक होल होते हैं, जो रेडिएशन और गैस को खाते रहते हैं। ये आसपास के तारों और ग्रहों के रेडिएशन और गैस को निगल जाते हैं। जब तीनों आकाशगंगाओं के क्वासार आपस में मिले तो उन्होंने मिलकर एक अत्यधिक विशालयकाय ब्लैक होल बना लिया। अब ये ताकतवर ब्लैक होल अपने आसपास की चीजों को राक्षस की तरह खा रहा है। कुछ भी नहीं छोड़ रहा है।

# निक्की हेली कुछ भी दावा करे पर बाइडेन का पाकिस्तान प्रेम फिर आया सामने, अमेरिका करेगा कंगाल देश पर डॉलर की बरसात


**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दाने दाने को मोहताज मुल्क पाकिस्तान की मुसीबतें वक्त के साथ बिगड़ती जा रही है। वहीं आर्थिक संकट झेल रहा देश इन दिनों राजनीतिक अस्थिरता का दौर भी देख रहा है। पाकिस्तान की बेचारगी पर अब खुद को सुपर पावर मुल्क बताने वाले अमेरिका का दिल पसीज गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तय किया है कि वो इस मुल्क को आर्थिक बदहाली के दौर से बाहर लेकर आएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइडेन ने देश को मिलने वाली आर्थिक सहायता को दोगुना करने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विनाशकारी बाढ़ से उबरने में मदद करने, ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने और आपातकालीन तैयारी क्षमताओं के निर्माण के लिए गतिविधियों का समर्थन करने के लिए वित्त वर्ष 2024 के लिए संकटग्रस्त पाकिस्तान को आर्थिक सहायता कोष को दोगुना करके 82 मिलियन अमरीकी डालर करने का प्रस्ताव दिया है।

### पाकिस्तान को मिल सकते हैं 82 मिलियन डॉलर

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता निजी क्षेत्र के आर्थिक विकास का विस्तार करेगी, लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करेगी, और लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाएगी। बजट में अक्टूबर से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2024 के लिए आर्थिक सहायता कोष श्रेणी के तहत पाकिस्तान को 82 मिलियन अमरीकी डालर देने का प्रस्ताव है। 2022 में समर्थन 39 मिलियन अमरीकी डालर था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों और कानून प्रवर्तन श्रेणी के तहत 17 मिलियन अमरीकी डालर और अंतर्राष्ट्रीय सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण श्रेणी के तहत 3.5 मिलियन अमरीकी डालर प्राप्त करने का भी प्रस्ताव है।

### पाकिस्तान और आईएमएफ डील

वर्तमान में, कर्ज में फंसी पाकिस्तान सरकार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक समझौते पर पहुंचने के उपायों को लागू करने के लिए समय के खिलाफ दौड़ में है क्योंकि देश के पास आवश्यक आयात के एक महीने से अधिक के लिए मुश्किल से पर्याप्त



भंडार है। 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम की नौवीं समीक्षा के पूरा होने पर आईएमएफ के साथ समझौता - जो पिछले साल के अंत से एक नीतिगत ढांचे पर विलंबित है - न केवल 1.2 बिलियन का संवितरण होगा बल्कि अंतर्वाह भी अनलॉक करेगा।

## हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ के जनजागरण अभियान में फरीदाबाद जिले के अध्यक्ष लोकेश शास्त्री को सर्वसम्मति से चुना गया



**फरीदाबाद की आवाज/सतेन्द्र राजपूत**

**फरीदाबाद।** हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ के जन जागरण अभियान के तहत गुड़गांव मंडल की बल्लभगढ़ सिटी पार्क में सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र शास्त्री ने सभी उपस्थित अतिथि अध्यापकों को जागरूक किया । नियमित होने के लिए आगामी संघर्ष के लिए रणनीति बनाई गई। एकजुट होकर संघर्ष करना है। सभी अतिथि अध्यापकों को एक नई ऊर्जा और एक नई दिशा राज्य प्रधान राजेंद्र शास्त्री ने इस अवसर पर दी। रोजगार के लिए एक जुट का गुरुमंत्र दे गए। इस अवसर पर सभा में फरीदाबाद जिले की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से राज्य प्रधान राजेंद्र शास्त्री ने फरीदाबाद जिला संयोजक इनामी तेवतिया, अध्यक्ष लोकेश शास्त्री, सलाहकार सन्तसिहं हुड्डा, सलाहकार कमल शर्मा, महासचिव सिंहराज छाबड़ी, कोषाध्यक्ष देवराज, उपाध्यक्ष प्रतिभा रावत, मुख्य सचिव देवेंद्र मलिक, कोषाध्यक्ष मनिका,प्रेस सचिव जयराज नागर, संगठन सचिव धर्मेंद्र शर्मा,सह संगठन सचिव मनोज शर्मा, सहसचिव सुरेन्द्र अग्रवाल ,उप कोषाध्यक्ष विजय ओर विवेक को चुना गया।इस अवसर गुड़गांव मंडल के सभी जिलों के अध्यक्ष व कार्यकारणी मौजूद थी।

# छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को मंच देने की पीएम की सोच है सांसद खेल महोत्सवः कृष्णपाल गुर्जर

## सांसद खेल महोत्सव-टू फरीदाबाद का हुआ रंगारंग आगाज

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** सांसद खेल महोत्सव-टू फरीदाबाद 2022 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। वहीं सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद खेल महोत्सव-टू का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव-टू में जूनियर और सीनियर विंग के लडक़े व लड़कियों के वर्ग के लगभग छ्ः हजार खिलाड़ी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर 15 सौ मीटर की दौड़ भी आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान पर यशवीर, दूसरे स्थान पर चीकू व तीसरे स्थान शिखर रहे।

विजेता खिलाडियों को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 5100 रुपये, 3100 रुपये व 2100 रूपये की नकद धनराशि से पुरस्कृत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य अतिथियों को भी शाल ओढा कर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सर्कल कबड्डी के गांव मच्छगर और अलीपुर के खिलाडियों का परिचय लेकर उनकी हौसला अफजाई भी की। वहीं



नेशनल कबड्डी की जूनियर विंग की करमल कोनवैक्ट स्कूल सैक्टर-7 व केएम कोनवैक्ट स्कूल जीवन नगर शेरखान चौंक की लड़कियों का परिचय लेकर उनका मैच देखकर हौसला अफजाई भी की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित सभी खिलाडियों स्वागत करके उन्हें बधाई दी और कहा कि संसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोच का परिणाम है, जिसमें वे चाहते हैं कि छिपी हुई खेल प्रतिभाएं आगे आएं और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के भागीदार बनें।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में सर्वोपरि खेल निति की बदौलत ही देश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलम्पिक खेलों के गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रोन्ज मेडल आधे से ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ी जीत कर ला रहे हैं। हरियाणा सरकार गोल्ड मेडल विजेता को चार करोड़ रुपये की नकद धनराशि, सिल्वर मेडल विजेता को तीन करोड़ रुपये की नकद धनराशि और ब्रोन्ज मेडल विजेता को दो करोड़ रुपये की नकद धनराशि ईनाम स्वरूप प्रदान की जाती है। जो कि भारत देश मे सर्वोपरि है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नयन पाल रावत, बीजेपी जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कृभको के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, एडीसी अपराजिता, सीईओ जिला परिषद पलवल अमित कुमार, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी और फरीदाबाद जिला की विभिन्न उद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समर ग्रैंड बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

## आग शार्ट सर्किट होने से से लगी आग, दमकल विभाग की करीब दस गाड़ियों मौके पर पहुंची

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** सेक्टर-10, 11 के डिवाईडिंग रोड पर स्थित समर ग्रैंड बैंक्वेट हॉल में शनिवार को अचानक से आग लग गई। आग की घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसमान में धुएं का गुब्बार छा गया। लोगों ने आग की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस चौकी और दमकल विभाग को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन व दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

बताया जा रहा है कि समर ग्रैंड बैंक्वेट हॉल में आग का शार्ट सर्किट होने से लगी। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आग को देखने के लिए लोगों का हुजूम मौके पर उमड़ पडा। सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आग इतनी तेजी से फैली की देखते ही देखते आसमान काले धुएं के गुब्बार से भर गया। चारों ओर धुआं ही धुआं नजर आ रहा था। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल व दमकल विभाग की करीब दस गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन उस वक्त तक आग इतना अधिक भयंकर रूप ले चुकी थी, कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के इंतजाम भी कम पड़ते नजर आ रहे थे। आग की लपटे इतनी उंची उठ




रही थी कि दमकल कर्मियों की ओर से आग पर डाल जा रहा पानी भी आग तक नही पहुंच पा रहा था। दमकल कर्मियों को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पडी़। बिजली के तार बीच में होने के कारण दमकल विभाग की गाड़ियों को सही से खडा होने की जगह नहीं मिल पा रही थी। जिस कारण पानी को आग तक पहुंचाने के लिए ही दमकल कर्मियों के पसीने छूट गए। हालांकि सुरक्षा को देखते हुए उस क्षेत्र की पॉवर सप्लाई को भी काट दिया गया था। जिससे अन्य लोगों को भी खासी दिक्कत झेलनी पड़ी। बताया जा रहा है कि बैंकट हॉल 10 सिलेंडरों में आग लग गई। जबकि 24 गैस सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुरक्षा कारणों को देखते हुए भारी पुलिस दल भी मौके पर मौजूद रहा। लोगों को वहां से हटाने और यातायात को सुचारू करवाने के लिए पुलिस कर्मियों के पसीने भी छूटते नजर आए। इस दौरान यातायात को व्यवस्थित करते हुए रूट डायर्वट कर वाहनों को गुजारा गया। इस भीषण आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को कम से कम चार से पांच घंटों की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना में बैक्वेट हॉल का सारा सामाल जलकर राख हो गया। जिससे कि लाखों रूपयों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338